TNF® TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday · tnftoday

www.tnftoday.com / epaper ▪ Trial Edition

किसानों-विद्यार्थियों ने ली जल बचाने की शपथ (पेज-3)

पृष्ठ- 08 ▪ वर्ष-01 अंक-22 ▪ मूल्य ₹7 ▪ मंगलवार ▪ दिनांक- 21.07.2026

# ये कैसा मेला: चकलेश्वर महादेव के नाम 'दो' इंटरलॉकिंग ही लगवा देते

- चकलेश्वर मार्ग की तीन साल बाद सुध तो आई लेकिन बिछा दी सिर्फ मिट्टी
- इसी मार्ग से परिक्रमा लगाने गुजरेंगे मुड़िया संत, बरसात में हो जाएगा कीचड़

राजेश मिश्रा

**गोवर्धन (मथुरा)।** अपार आश्चर्य। घोर अनदेखी। उपेक्षा और अपेक्षा का कष्टकारी मिलन। जिन मुड़िया संतों के नाम पर गोवर्धन की नगरी में जगप्रसिद्ध मेला सजने वाला है, जिस मार्ग पर ये संत परिक्रमा लगाने जाएंगे, उसी मार्ग पर उत्सव के विश्वकमाओं की कृपा नहीं हो पाती। तीन साल बाद इस मार्ग के एक ऊबड़-खाबड़ टुकड़े पर इस बार मिट्टी तो बिछवाकर अपनी-अपनी पीठ थपथपा दी। अरे, इस चकलेश्वर मार्ग पर चकलेश्वर महादेव के नाम पर ही कम से कम ह्यदोह्न इंटरलॉकिंग लगवा देते। पूरे मार्ग पर ये टुकड़ा पैबंद तो नहीं रहता। बरसात में तो यहां से गुजरने में संतों के कदम कीचड़ में सन जाएंगे।

गोवर्धन में मुड़िया मेला की प्रशासनिक शुरूआत 13 जुलाई से हो जाएगी। पिछले वर्ष यहां पर डेढ़ करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार ये तादाद बढ़ने की उम्मीद है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन ने चाकचौबंद तैयारियां की हैं। सुविधा और सुरक्षा के चौकस इंतजाम का ब्लूप्रिंट तैयार कर उसे अमली जामा पहनाया जाएगा। गोवर्धन के सभी लिंक मार्गों की मरम्मत कराई जा रही है। साफ-सफाई पर पूरा ध्यान रखा जा रहा है। गोवर्धन के बीचोंबीच है चकलेश्वर महादेव का मंदिर। इसी के नजदीक है राधा श्यामसुंदर मंदिर। गुरु पूर्णिमा के दिवस यहां पर गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय के सन्यासी अपने-अपने सिर मुंड़वाकर परंपरागत परिक्रमा करने जाएंगे।



गोवर्धन में चकलेश्वर मार्ग। इसी मार्ग से गुरु पूर्णिमा पर गौड़ीय संत परिक्रमा करने जाएंगे। इस मार्ग पर तीन साल बाद मिट्टी बिछाई गई है।



गोवर्धन में चकलेश्वर मंदिर के पास भजन कुटी। इसी स्थल पर संत सनातन गोस्वामी साधना करते थे।

मुड़िया मेला की तैयारियों के भाव से यहां पर नजर डालें तो पूरी तरह से उपेक्षित है। यहां तक पहुंचने के लिए चकलेश्वर मार्ग है। पट्टिका भी लगी है लेकिन, मंदिर के ठीक नजदीक इस मार्ग पर एक टुकड़ा कच्चा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीन साल बाद इस बार पर मिट्टी डाल दी गई है। बरसात में यही मिट्टी कीचड़ के रूप में परेशान करेगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि इसके इधर और उधर, पूरा मार्ग इंटरलॉकिंग से बना हुआ है।

लोगों ने बताया कि हम लोगों को आभास ही नहीं होता कि गोवर्धन में मुड़िया मेला भी लगता है या लग रहा है। केवल बिजली विभाग के कर्मचारी जरूर काम करते नजर आए। साफ-सफाई नहीं होती। तीन साल से हम लोग इसी कच्चे मार्ग से गुजरते रहे हैं। शाम को अंधेरा होने पर राहगीर गिर भी जाते हैं। मंदिर के आसपास बेरौनक सी छाई हुई थी। इंटरलॉकिंग तो बिछी हुई थीं लेकिन, साफ-सफाई नहीं थी। वृक्ष के चबूतरे के आसपास गंदगी थी। विदित हो कि संत सनातन गोस्वामी (चैतन्य महाप्रभु के प्रमुख शिष्य) गोवर्धन की प्रतिदिन परिक्रमा करते थे। उनके निधन के बाद, गौड़ीय संतों ने उनके पार्थिव शरीर की परिक्रमा करते हुए अपने सिर मुंडवा लिए थे। तब से इस दिन को 'मुड़िया पूर्णिमा' और यहाँ लगने वाले मेले को मुड़िया मेला कहा जाता है।

## दो महीनों से मानसी गंगा पर बेरीकेडिंग

चकलेश्वर मंदिर के लच्छो पुजारी बताते हैं कि दो महीनों से मानसी गंगा की बेरीकेडिंग करा दी गई है। पहले मेला के दौरान ही बेरीकेडिंग होती थी।


# 'जीवा ज्वैलरी गैंग' बेनकाब

## दिल्ली, गाजियाबाद से आगरा तक था सक्रिय, 5 शातिर दबोचे



**आगरा।** ताजगंज थाना क्षेत्र में फतेहाबाद रोड स्थित जीवा ज्वैलरी स्टोर में हुई करोड़ों की चोरी के मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ताजगंज पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 116.3 ग्राम सोना, 1.18 लाख रुपये नकद, 35 हजार नेपाली मुद्रा, छह मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह बिहार के पूर्वी चंपारण जिले का रहने वाला है। उसका गांव नेपाल सीमा से सटा हुआ है। गिरोह के सदस्य चोरी के माल को नेपाल और दिल्ली में खपाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी किए गए माल का एक हिस्सा बिहार में पहले ही बेच चुके थे। जबकि बाकी सोने को पिघलाकर बाजार में उतारने की योजना थी। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी दिल्ली से ट्रेन के जरिए आगरा पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने टैक्सी किराए पर लेकर फतेहाबाद रोड स्थित जीवा ज्वैलरी शोरूम की रेकी की। चार जुलाई को आगरा पहुंचकर गिरोह ने पूरे इलाके का जायजा लिया और फिर मथुरा जाकर ठहर गया। सात जुलाई को गिरोह के सदस्य दोबारा आगरा लौटे और सात-आठ जुलाई की रात सुनियोजित तरीके से शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी के दौरान गिरोह का एक सदस्य शटर के बाहर सफेद कपड़ा बिछाकर निगरानी करता रहा, ताकि किसी को शक न हो और साथी आराम से अंदर चोरी कर सकें। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी इससे पहले दिल्ली के रोहिणी और प्रीत विहार स्थित जीवा ज्वैलरी स्टोर्स में भी बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस अब इन वारदातों के संबंध में दिल्ली पुलिस से भी संपर्क कर रही है। गिरोह का सरगना उमेश शाह बताया जा रहा है। उसके खिलाफ गाजियाबाद में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस के मुताबिक, उमेश लंबे समय से चोरी की वारदातों में सक्रिय है और उसी के नेतृत्व में पूरा गिरोह काम करता था। पुलिस ने बताया कि गिरोह के दो सदस्य छोटू और रियाज अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक नेटवर्क, अन्य राज्यों में दर्ज मुकदमों और उनके नेपाल कनेक्शन की भी जांच कर रही है। आशंका है कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार और नेपाल तक फैले एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी का माल किन-किन चैनलों के जरिए दूसरे राज्यों और नेपाल तक पहुंचाया जाता था।

# 'मैं अपना अनशन जारी रखूंगा'




एजेंसी, नई दिल्ली।

एक्टिविस्ट और शिक्षा सुधार के समर्थक सोनम वांगचुक ने सोमवार को घोषणा की कि वे अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रखेंगे, जो अब 23वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि वे प्रदर्शनकारी छात्रों के शांतिपूर्ण व्यवहार से प्रभावित हुए हैं।

एक्स पर शेयर किए गए एक हाथ से लिखे नोट में, वांगचुक ने कहा कि वे तब तक उपवास जारी रखेंगे जब तक छात्र नेताओं को संसद भवन में सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं मिल जाती या उन्हें अस्पताल में उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी जाती। उन्होंने यह भरोसा भी जताया कि प्रदर्शनकारी शांति बनाए रखेंगे। उन्होंने लिखा कि मुझे यकीन है कि युवा प्रदर्शनकारी कल भी वैसा ही धैर्य और सहनशीलता दिखाएंगे, जैसा उन्होंने आज दिखाया। एक्टिविस्ट शिक्षा व्यवस्था में कथित नाकामियों, जिनमें परीक्षा के पेपर लीक होना भी शामिल है, के लिए जवाबदेही की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनके विरोध-प्रदर्शन को देश भर के छात्रों, युवा समूहों और नागरिक समाज संगठनों का समर्थन मिला है। यह घटनाक्रम केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई मुलाकात के कुछ घंटों बाद सामने आया।

नड्डा ने एक्स पर लिखा कि आज सुबह पहली बार प्रदर्शनकारियों की ओर से सरकार के साथ बातचीत करने का प्रस्ताव आया और हमारी बातचीत सुबह 11:50 बजे से चल रही है। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ शुरूआती मौखिक बातचीत विस्तार से हुई और उन्होंने शाम करीब 4 बजे मुझे एक लिखित ज्ञापन सौंपा। मैंने सभी प्रदर्शनकारियों से अपना धरना खत्म करने और हालात सामान्य करने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया है।

# सीजेपी प्रदर्शन में छात्रों पर बर्बरता से लाठीचार्ज

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आह्वान पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को राजधानी में संसद की ओर मार्च किया लेकिन पुलिस ने जगह-जगह उन्हें रोक दिया।

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन राजधानी में अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच कई स्थानों पर हल्की झड़पें हुईं। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने जैसी कार्रवाई की, जबकि प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार ने सीजेपी के साथ औपचारिक वार्ता भी शुरू कर दी। सीजेपी ने अपनी मांगों के समर्थन में लोगों से जंतर-मंतर पर जमा होने और संसद तक मार्च करने की अपील की थी। सुबह से ही जंतर-मंतर की ओर विभिन्न दिशाओं से बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे। हाथों में तिरंगा और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग वाले पोस्टर लिए प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर से जयसिंह मार्ग होते हुए संसद मार्ग की ओर बढ़ने लगे तो पुलिस ने संसद मार्ग पर बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया और लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचित किया कि आगे जाने की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे।

अलग अलग समाचार एजेंसियों और स्थानीय मीडिया के मुताबिक, कुछ जगहों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे और जमकर लाठीचार्ज भी किया। मार्च के दौरान कई युवाओं के पीठ पर बैग था और हाथ में भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा।



### अभिजीत दीपके को हिरासत में लिया

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी के 'चलो संसद' मार्च को लेकर राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही। जंतर-मंतर से संसद तक प्रस्तावित मार्च के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जुटने लगे। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फउंडर अभिजीत दीपके को पुलिस ने जंतर-मंतर से हिरासत में ले लिया है।

### संसद के पास पहुंचे प्रदर्शनकारी

संसद का मानसून सत्र शुरू होने के साथ ही प्रदर्शन को देखते हुए संसद परिसर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और आने-जाने वाले लोगों की निगरानी की गई। जंतर-मंतर पर सुबह से प्रदर्शनकारी जुटते रहे, जबकि पुलिस लगातार स्थिति पर नजर बनाए रही।

### सपा सांसदों ने संसद से जंतर-मंतर तक निकाला मार्च

समाजवादी पार्टी के सांसदों ने संसद से जंतर-मंतर तक मार्च निकाला। सांसद डिंपल यादव ने कहा कि देश के युवा अपनी बात रखना चाहते हैं, लेकिन सरकार उनकी बात सुनने और संवाद करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्र लगातार अपनी मांगें उठा रहे हैं और सोनम वांगचुक भी सरकार से बातचीत की अपील कर चुके हैं। सपा ने कहा कि वह छात्रों के समर्थन में जंतर-मंतर तक मार्च कर रही है।

### जेपी नड्डा ने सीजेपी से मुलाकात के बाद प्रदर्शनकारियों से की अपील, धरना खत्म करें


कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरभ दास और आशुतोष रांका ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की और धर्मेंद्र प्रधान को हटाने समेत अपनी मांगें उनके सामने रखीं। इस मुलाकात के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने ट्वीट किया कि आज सुबह पहली बार प्रदर्शनकारियों की ओर से सरकार के साथ बातचीत का प्रस्ताव आया और सुबह 11:50 बजे से हमारी बातचीत चल रही है। बैठक अच्छे माहौल में हुई। उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ शुरुआती बातचीत विस्तार से हुई और शाम करीब 4 बजे उन्होंने मुझे एक लिखित ज्ञापन सौंपा। मैंने सभी प्रदर्शनकारियों से अपना धरना खत्म करने और हालात सामान्य करने में प्रशासन की मदद करने का आग्रह किया है।केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ बैठक के दौरान उखढ की तीन मांगें थीं: धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर जाने की इजाजत देना, और आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देना। वहीं, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया पर आईं उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके को हिरासत में ले लिया गया है। इन दावों को पुलिस ने 'पूरी तरह से गलत' बताया। पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ये भ्रामक रिपोर्ट वर्तमान में विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित हो रही हैं, जिसमें दावा किया गया है कि अभिजीत दीपके को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। औपचारिक रूप से स्पष्ट किया जाता है कि ये आरोप पूरी तरह से झूठे हैं और वह मंच पर मौजूद हैं। इससे पहले कॉजपा के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया था कि संगठन के संस्थापक दीपके को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दास ने कहा कि दीपके को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हम सभी सांसदों से अनुरोध करते हैं कि वे तुरंत सड़कों पर उतरकर छात्रों के समर्थन में खड़े हों। पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बेरहमी से कार्रवाई कर रही है और उनकी पिटाई कर रही है।

### नरेंद्र मोदी की राजनीतिक छवि पर गहरा बट्टा

छात्र व सामाजिक कार्यकर्ता, भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं। आमरण अनशन के साथ दिल्ली के जंतर मंतर में इस आंदोलन की शुरूआत करने वाले वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के साथ, जिस तरह से दिल्ली पुलिस ने व्यवहार किया, उससे भी यह आंदोलन और तेज हुआ है। सोमवार के मार्च के दौरान राजधानी नई दिल्ली में प्रधान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे भी गूंजते रहे। करीब 21 दिन से जारी इस आंदोलन को लेकर अब तक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई बयान नहीं दिया है। पीएम मोदी की यही चुप्पी अब लोगों को चुभ रही है।

## छात्रों पर आंसू गैस क्यों, वे हमारे बच्चे हैं: प्रियंका

**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र के पहले ही दिन नीट पेपर लीक विवाद को लेकर सियासी पारा चढ़ गया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद परिसर के बाहर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चर्चा से बच रही है,



जबकि अपने अधिकारों की मांग कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'वे हमारे बच्चे हैं। उन पर आंसू गैस और लाठी क्यों चलाई जा रही है?' प्रियंका गांधी ने कहा कि विपक्ष लगातार शिक्षा नीति और NEET-UG पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद में चर्चा की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार बहस कराने के बजाय विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों का जवाब देने के बजाय छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। NEET-UG 2026 पेपर लीक और अयोध्या श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में कथित चंदा गड़बड़ी के मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। लगातार नारेबाजी और चर्चा की मांग के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई और अंततः पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। अब संसद की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे फिर शुरू होगी। मानसून सत्र 13 अगस्त तक चलेगा।

# परियोजनाओं की होगी जमीनी पड़ताल

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने की 18 मंडलों में समीक्षा बैठक

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह, डॉ. जीएस धर्मेश, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, चौधरी बाबूलाल, भगवान सिंह, लोकदल जिलाध्यक्ष गोविंद शर्मा की उपस्थिति में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में सम्मिलित पर्यटन विभाग, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग की परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यों के प्रस्ताव आदि संबंधी सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक हुई।



बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, तीर्थ विकास परिषद की कार्ययोजना की प्रदेशव्यापी समीक्षा का शुभारंभ किया गया है। पहले चरण में आगरा और अलीगढ़ मंडल की परियोजनाओं की समीक्षा की गई है। विशेष समीक्षा अभियान के पहले चरण में दोनों मंडलों (आगरा और अलीगढ़) की 80 परियोजनाओं का बिंदुवार निरीक्षण किया। बैठक में मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, जिलाधिकारी मनीष बंसल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह सहित विभागीय मंडलीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

### बटेश्वर, कोठी मीना बाजार और बाबा नीब करौरी संग्रहालय पर फोकस

बटेश्वर धाम के प्राचीन मंदिरों का संरक्षण, पूर्व प्रधानमंत्री स्व० अटल बिहारी वाजपेयी स्मारक पर पर्यटक सुविधाओं का विकास, कोठी मीना बाजार का सौंदर्यीकरण तथा पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार का प्रस्ताव रखा गया। वहीं, फिरोजाबाद में आर्य संस्कृति संकुल के विकास, बाबा नीब करौरी संग्रहालय के दूसरे चरण, जिला सीमाओं पर पर्यटन सूचना केंद्र और महुआ वाली कालिका माता मंदिर में पर्यटक सुविधाओं के विकास की योजनाओं पर चर्चा हुई। मैनपुरी में शीतला माता मंदिर, राम जानकी मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पर्यटक सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया।

### मंडलवार परियोजनाओं की समीक्षा

बैठक में आगरा मंडल की 58 पर्यटन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत लगभग 273 करोड़ रुपए है। साथ ही, मथुरा की धर्मार्थ विभाग से संबंधित तीन परियोजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसकी अनुमानित लागत करीब 245 करोड़ रुपए है।

### हर चरण पर होगी निगरानी

उन्होंने आगे कहा कि 'जनता का पैसा केवल उन योजनाओं पर खर्च होगा, जिनका असर जमीन पर स्पष्ट दिखाई दे। प्रत्येक परियोजना का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ होगा। निर्माण कार्य की हर चरण में निगरानी रहेगी। चयन से लेकर परियोजना पूरी होने तक जवाबदेही भी तय की जाएगी।'

### धर्मार्थ विभाग की योजनाओं की समीक्षा

बैठक में धर्मार्थ कार्य विभाग की लगभग 245 करोड़ रुपए लागत वाली तीन प्रमुख परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। इनमें 15 धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास, श्री बांके बिहारी जी महाराज कॉरिडोर तथा विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जन सुविधाओं के विकास के प्रस्ताव शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बांके बिहारी कॉरिडोर का मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है।'

### 'तथ्यों की कसौटी पर परखा जाएगा'

मंत्री ने स्पष्ट किया कि 'अब कोई भी परियोजना केवल प्रस्ताव के आधार पर स्वीकृत नहीं होगी। हर योजना को ठोस तथ्यों की कसौटी पर परखा जाएगा। प्रत्येक प्रस्ताव के साथ भूमि अभिलेख, स्थल के नवीनतम फोटोग्राफ, व्यवहारिक लागत का आकलन तथा ऐतिहासिक या धार्मिक महत्व के प्रमाण अनिवार्य होंगे।

राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर तीखा वार

# 'छात्र घसीटे जा रहे, पेपर लीक के गुनहगार आजाद'

एजेंसी, नई दिल्ली।



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को भारत के इतिहास का सबसे युवा विरोधी प्रधानमंत्री बताते हुए आरोप लगाया कि वह केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बचा रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि देशभर में 152 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक हुए हैं, जिससे करीब 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े संकट के बावजूद अब तक किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी भारत के इतिहास के सबसे युवा-विरोधी प्रधानमंत्री हैं- इतने युवा विरोधी कि एक नाकाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी नहीं ले सकते। 152 पेपर लीक, 7.5 करोड़ छात्र पीड़ित, और सजा एक दोषी को भी नहीं। सजा किसे मिली? मेहनती युवाओं को। और जब इन बच्चों ने शिक्षा के जायज सवाल उठाए- तो जवाब में मिली लाठी और हिरासत। लीक करने वाले अपराधी आजाद और वाजिब मुद्दे उठाने वाले छात्र घसीटे जाते हैं, पीटे जाते हैं।

# पर्यटन विभाग की परियोजनाओं की होगी जमीनी पड़ताल, कागजों तक नहीं रहेगा सीमित: जयवीर सिंह

## जनहित के कार्यों में दिखना चाहिए जनता के धन का सदुपयोग- जयवीर सिंह

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह की अध्यक्षता में एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.मंजू भदौरिया, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह, डॉ. जीएस धर्मेश, पुरुषोत्तम खंडेलवाल , चौधरी बाबूलाल , भगवान सिंह, लोकदल जिलाध्यक्ष गोविंद शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में सम्मिलित पर्यटन विभाग, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग की परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण, जनप्रतिनिधिगण द्वारा दिये गए कार्यों के प्रस्ताव आदि संबंधी सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास की योजनाएं अब केवल कागजी प्रस्तावों के आधार पर मंजूर नहीं होंगी। हर परियोजना का पहले जमीनी सत्यापन होगा। उसकी उपयोगिता और जनहित का आकलन किया जाएगा। इसके बाद ही योजनाओं को अंतिम स्वीकृति मिलेगी, ताकि जनता का पैसा वहीं खर्च हो, जहां उसका वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंचे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह जी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, तीर्थ विकास परिषद की कार्ययोजना की प्रदेशव्यापी समीक्षा का शुभारंभ किया गया है। पहले चरण में आगरा और अलीगढ़ मंडल की परियोजनाओं की समीक्षा की गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह जी ने बताया कि विशेष समीक्षा अभियान के पहले चरण में दोनों मंडलों (आगरा और अलीगढ़) की 80 परियोजनाओं का बिंदुवार निरीक्षण किया। प्रत्येक प्रस्ताव की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोगिता का मूल्यांकन किया गया। अब यही प्रक्रिया प्रदेश के सभी 18 मंडलों में अपनाई जाएगी। प्रत्येक मंडल में समीक्षा बैठक के साथ स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा।

### मंडलवार परियोजनाओं की समीक्षा

बैठक में आगरा मंडल की 58 पर्यटन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत लगभग 273 करोड़ रुपए है। साथ ही, मथुरा की धर्मार्थ विभाग से संबंधित तीन परियोजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसकी अनुमानित लागत करीब 245 करोड़ रुपए है।

### 'तथ्यों की कसौटी पर परखा जाएगा'

मंत्री ने स्पष्ट किया कि 'अब कोई भी परियोजना केवल प्रस्ताव के आधार पर स्वीकृत नहीं होगी। हर योजना को ठोस तथ्यों की कसौटी पर परखा जाएगा। प्रत्येक प्रस्ताव के साथ भूमि अभिलेख, स्थल के नवीनतम फोटोग्राफ, व्यवहारिक लागत का आकलन तथा ऐतिहासिक या धार्मिक महत्व के प्रमाण अनिवार्य होंगे। स्थानीय लोगों और पर्यटकों को मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ का स्पष्ट विवरण भी देना होगा। साथ ही संबंधित विभाग, जिला प्रशासन और कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी भी पहले से तय की जाएगी, ताकि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

### हर चरण पर होगी निगरानी

उन्होंने आगे कहा कि 'जनता का पैसा केवल उन योजनाओं पर खर्च होगा, जिनका असर जमीन पर स्पष्ट दिखाई दे। प्रत्येक परियोजना का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ होगा। निर्माण कार्य की हर चरण में निगरानी रहेगी। चयन से लेकर परियोजना पूरी होने तक जवाबदेही भी तय की जाएगी।'

### अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों का लें साथ

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को प्रत्येक परियोजना की प्रगति, व्यय और निर्धारित समय-सीमा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। सभी कार्य तय समय के भीतर पूरे किए जाएं। विलंबित परियोजनाओं को हर हाल में नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को परियोजनाओं से नियमित रूप से अवगत कराया जाए। साथ ही, भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए।

### बटेश्वर, कोठी मीना बाजार और बाबा नीब करौरी संग्रहालय पर भी फोकस

आगरा में बटेश्वर धाम के प्राचीन मंदिरों का संरक्षण, पूर्व प्रधानमंत्री स्व० अटल बिहारी वाजपेयी स्मारक पर पर्यटक सुविधाओं का विकास, कोठी मीना बाजार का सौंदर्यीकरण तथा पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार का प्रस्ताव रखा गया। वहीं, फिरोजाबाद में आर्य संस्कृति संकुल के विकास, बाबा नीब करौरी संग्रहालय के दूसरे चरण, जिला सीमाओं पर पर्यटन सूचना केंद्र और महुआ वाली कालिका माता मंदिर में पर्यटक सुविधाओं के विकास की योजनाओं पर चर्चा हुई। मैनपुरी में शीतला माता मंदिर, राम जानकी मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पर्यटक सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया।



# कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर सोमवार सुबह ब्रजधाम उदासीन आश्रम, पुलवाले हनुमान जी, खेरागढ़ से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच निकली यात्रा से पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में रंग गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 20 से 28 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। परीक्षित मुनिषानंद उदासीन तथा कथा का वाचन कथावाचक ऋषि कृष्ण महाराज करेंगे। आयोजन की व्यवस्था स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज (डॉ. बाबा) के निर्देशन में की जा रही है। वहीं महंत प्रकाशानंद उदासीन भी आयोजन से जुड़े हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कथा, धार्मिक अनुष्ठानों, पूर्णाहुति एवं भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# जमीन कब्जाने में तीन नामजद सहित 50 पर मुकदमा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना डौकी क्षेत्र में रविवार को हथियारों के बल पर जमीन को कब्जाने के मामले में पीड़ित तीन नामजद सहित 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने तीन के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। थाना डौकी क्षेत्र के गांव गढ़ी हीसिंया निवासी बीरेश सिंह पुत्र सौदान सिंह ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया रविवार को बच्चू सिंह, हरिप्रकाश उर्फ सूरज प्रकाश, सोनपाल पुत्र भगवती प्रसाद निवासी कुआंखेड़ा थाना एकता तथा 50 अज्ञात लोगों को लेकर मेरी पुश्तैनी भूमि जो बरौली गूजर गांव के पास में स्थित है अवैध कब्जा करने की नीयत से करीब 12 बजे विपक्षीगण और अपने साथ हथियार, हॉकी, लाठी डंडे आदि लेकर पहुंचे अपनी दबंगई के बल पर मेरी पुश्तैनी भूमि को जोतने लगे। जब विरोध किया तो विपक्षीगणों ने उन पर अवैध हथियार तानकर जान से मारने की धमकी दी और गाली-गलौज की तो वहां से जान बचाकर भाग कर पुलिस को सूचना दी। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन-तीन नामजद सहित सहित 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने सोनपाल, हरिप्रकाश उर्फ सूरज प्रकाश, बच्चू सिंह पुत्र भगवती प्रसाद निवासीगण ग्राम कुआँखेड़ा थाना एकता के विरुद्ध शांतिभंग में चालान किया गया है।

# प्रसव के नाम पर धन उगाही, नहीं होती कार्रवाई

**टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में प्रसव के नाम पर बड़े पैमाने पर धन उगाही का खेल चल रहा है। कार्यवाही न होने की वजह से स्टाफ नर्स मरीजों के तीमारदारों से मोटी रकम वसूल रही है। मामला सोमवार का है। जहां प्रसव के नाम पर प्रसूता के परिजन से स्टॉफ नर्स ने 1300 रुपए ले लिए। रूपए न देने पर तीन दिन बाद छुट्टी होने की बात कही।

तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के गांव छोटी बसई निवासी पूनम जाटव ने बताया कि सोमवार सुबह देवरानी आरती पत्नी अजय के प्रसव पीड़ा होने पर सरकारी एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में लेकर आए थे। कुछ समय बाद आरती ने बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात स्टॉफ नर्स ने 1500 रुपये की मांग की। रुपए न देने पर तीन दिन बाद छुट्टी के लिए बोल दिया। मजबूरी में 1300 रुपए स्टॉफ नर्स को दे दिए। उसके बाद लिखित में रुपए न देने के लिए कहा गया। वहीं दाई ने भी 300 रुपये की मांग की गई लेकिन दाई को रुपए नहीं दिए है। वहीं रुपए देने पर शाम को छुट्टी की बात कही गई। इससे पूर्व में भी स्टॉफ नर्सों पर प्रसव के नाम पर उगाई के आरोप लग चुके हैं। लेकिन कार्यवाही न होने पर स्टॉफ नर्सों के हौसले बुलंद है। आखिकार कार किसी की सह पर सीएचसी फतेहाबाद में धन उगाही का खेल चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद के अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान से बात करने पर बताया कि शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत की जाती है तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों-विद्यार्थियों ने ली जल बचाने की शपथ

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भूजल सप्ताह के तहत 20 जुलाई को ग्राम जैताना, फतेहपुर सीकरी, आगरा में भूगर्भ जल विभाग की टीम, गैर सरकारी संगठन ₹ग्राम विकास एवं बाल विकास सेवा समिति आगरा₹ के सदस्यों ने किसानों और विद्यार्थियों को जल बचाने की शपथ दिलाई। नाबार्ड के एमडी एवं उप क्षेत्राधिकारी, किरावली रेन्ज वन विभाग की सहभागिता से किसानो एवं ग्रामीणों के साथ भूजल संवाद स्थापित किया गया एवं भूजल बचत हेतु शपथ दिलायी गयी। नगर पालिका परिषद फतेहपुर सीकरी के सभागार में कर्मचारियों, सफाई कर्मियों को दैनिक जीवन में भूजल सरक्षण एवं संचयन की छोटी-छोटी विधियों से अवगत कराते हुए इस हेतु जल शपथ दिलायी गयी। फतेहपुर सीकरी स्थित बुलन्द दरवाजा पर आये हुए पर्यटकों को भूजल संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। इसी क्रम में भूगर्भ जल विभाग खण्ड-आगरा द्वारा ईशान इंजीनियरिगं कॉलेज, आगरा में रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली से सम्बन्धित उन्नत तकनीकों के विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। सीनियर जियोफिजिसिस्ट शंशाक शेखर सिंह द्वारा जल संचयन का आह्वान कर विद्यार्थियों को भूजल का विवेकपूर्ण उपयोग को अपने जीवन में आत्मसात करने की महती आवश्यकता पर जोर दिया।

# विद्युत पोल से टकराई स्कूली बस, हादसा टला

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना निबोहरा क्षेत्र के रामपुर-डन्डनियापुरा मार्ग पर सोमवार को गंगाजल पाइपलाइन की खुदाई के बाद सड़क पर पड़ी मिट्टी के कारण एक स्कूली बस फिसलकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। गनीमत रही कि इस दौरान बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निबोहरा क्षेत्र के ग्राम पुरा हरसुख से आगे चुन्नीलाल के घर के पास गंगाजल परियोजना की खुदाई के चलते सड़क पर मिट्टी फैल गई थी, जिससे मार्ग पर फिसलन हो गई। तभी रामपुर से बच्चों को छोड़कर लौट रही स्कूली बस का चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जिस विद्युत पोल से बस टकराई, उसी पोल पर विद्युत डीपी भी स्थापित थी। गनीमत रही कि हादसे के समय बस में बच्चे नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने सड़क पर फैली मिट्टी हटाकर आवागमन सुरक्षित कराने की मांग की है।

# परेशान व्यापारियों ने एमईओ को सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



आगरा छावनी क्षेत्र के अंतर्गत दरेसी नंबर 3 स्थित दुकानों को लेकर व्यापारियों में भारी चिंता का माहौल है। रेलवे द्वारा इन दुकानों को तोड़े जाने के संबंध में पत्र लिखे जाने और इनमें से कुछ दुकानें सैन्य संपदा विभाग के अंतर्गत आने के कारण दुकानदारों ने सैन्य संपदा अधिकारी यशपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

व्यापारियों ने ध्वस्तीकरण के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने और दुकानों को नियमित करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने दुकानों को तोड़ने के बजाय संबंधित दुकानदारों से नियमानुसार ब्याज मुक्त किराया वसूलने और उसकी ऑनलाइन रसीद उपलब्ध कराने की मांग की है। दरेसी नंबर 3 की इन दुकानों को नियमित करते हुए भविष्य में इन्हें फ्रीहोल्ड किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, दीपक शर्मा, राजकुमार गुरनानी, मेघराज दियालानी, अनुराग गोयल, निखिल मतलानी, सोनी गुप्ता सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यापारी और नागरिक सम्मिलित रहे। व्यापारियों को उम्मीद है कि प्रशासन इस संवेदनशील और जनहित से जुड़े विषय पर न्यायोचित निर्णय लेते हुए इन परिवारों की रोजी-रोटी की रक्षा करेगा।

# गंदगी और जलभराव से बीमारियों का खतरा

**खंदौली।** ग्राम पंचायत सेमरा के मजरों नगला अर्जुन बॉस जोखी में गंदगी का अम्बर लगा हुआ है। तमाम शिकायतों के बाद भी अधिकारी नहीं सुनते। विद्यालय जाने वाले बच्चे इस गन्दगी में होकर निकलते है। इस कारण बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। सांसद, विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान आदि सभी के होते हुए कोई भी ग्रामीणों की बात सुनने को तैयार नहीं है। सफाई सफाई के नाम पर लाखों रुपए का खेल कर दिया जाता है। लेकिन ग्रामीणों का भला नहीं होता। उनका कहना है कि प्रधान, सचिव, एडीओ पंचायत, बीडीओ खंदौली से कई बार सफाई कराए जाने की मांग कर चुके है लेकिन सफाई के नाम पर कुछ नहीं कराया। ग्रामीणों का कहना है कि सुनील कुमार समाजसेवी के साथ जल्द ही ब्लाक कार्यालय खंदौली का घेराव किया जाएगा।

# शैक्षणिक अभियानों की दी जानकारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी एंड पैरामेडिकल साइंसेस में सोमवार को कुलपति प्रो आशु रानी के संरक्षण में फार्मविजन आयाम की ओर से फामेर्सी छात्रों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी संगठनात्मक एवं शैक्षणिक अभियानों की जानकारी देना तथा छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। आगामी सिटी समिट, नेशनल कन्वेंशन और आचार्य प्रफुल्ल जी की जयंती सहित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। वक्ताओं ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को फामेर्सी शिक्षा के साथ साथ प्रोफेशनल नेटवर्किंग, नेतृत्व कौशल, व्यक्तित्व विकास और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अखिल भारतीय फार्मविजन प्रमुख ईश्वरप्रसाद ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि संगठनात्मक अनुभव, संवाद कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व भी सफल फामेर्सी करियर लिए आवश्यक हैं। बैठक में डॉ. गौरव राजौरिया, आकाश मेसी, निखिल ठाकुर, नितिन दुबे, शिवम कोली, मयंक, हर्षवर्धन सहित अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में फामेर्सी छात्र उपस्थित रहे।

# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण विधानसभा में आगामी 22 जुलाई को आयोजित होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य के सरकारी आवास पर हुई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पूनिया के साथ सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में 22 जुलाई को होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर महेंद्र वर्मा निषाद, जिला मंत्री एवं प्रभारी श्यामो मंडल, भाजपा आगरा ने बताया कि सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी मंडलों से अधिक से अधिक बूथ अध्यक्षों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मेधावियों का सम्मान 28 जुलाई को

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

क्षेत्र के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय, सैंया (खैरागढ़) में 28 जुलाई को सुबह 11 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों का सम्मान करने के साथ उन्हें उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कुमार ने बताया कि समारोह में क्षेत्र के सभी इंटर पास छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। सम्मान समारोह में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थियों को 26 जुलाई तक अपनी इंटरमीडिएट की अंकतालिका की छायाप्रति एवं मोबाइल नंबर महाविद्यालय में जमा कर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलेगी।महाविद्यालय प्रशासन ने क्षेत्र के सभी पात्र छात्र-छात्राओं से निर्धारित तिथि तक पंजीकरण कराने की अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस सम्मान समारोह का हिस्सा बनें।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

## अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने, अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने तथा मारपीट करने के आरोपी को मुकदमा दर्ज होने के महज 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़िता को राहत मिली है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका पड़ोसी नरेश शादी का भरोसा देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान आरोपी ने उसके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए। बाद में उन्हीं फोटो-वीडियो को वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा। विरोध करने पर आरोपी ने कई बार उसके साथ मारपीट भी की। पीड़िता की तहरीर पर थाना ट्रांस यमुना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ईंट की मंडी के पास से आरोपी नरेश पुत्र केशव, निवासी महादेवी नगर, टेड़ी बगिया को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में त्वरित कार्रवाई पुलिस की प्राथमिकता है।

ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# आपस में समन्वय बनाकर करें कार्य

**खेरागढ़।** सोमवार को तहसील सभागार में बार एसोसिएशन खैरागढ़ के अधिवक्ताओं की नवागत उपजिलाधिकारी नरेंद्र गंगवार, तहसीलदार सुरभि राय एवं नायब तहसीलदार हरीशंकर दुबे, अनुज दीक्षित के साथ शिष्टाचार बैठक की गई। जिसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम सिकरवार के द्वारा सभी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। नवागत उपजिलाधिकारी नरेंद्र गंगवार के द्वारा सभी अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया गया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ समन्वय बनाकर कार्य किये जायेंगे। बार और बेंच एक दूसरे के पूरक हैं। इस दौरान सचिव रामवीर सिंह सिकरवार, पूर्व अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह श्रीनिवास शर्मा, मनोज तोमर, सुरेश पाठक, कोषाध्यक्ष सुधीर शर्मा, बच्चू राजपूत, महेश श्रीवास्तव, शत्रुघ्न सिंह, रमेश सिकरवार, राघवेंद्र तोमर, अशोक शर्मा, रघुराज तोमर, राम प्रकाश गालव, हरिचंद पचौरी, सतीश शर्मा, लाखन बघेल, ललित सिकरवार सहित सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आदित्य का फतेहाबाद में भव्य स्वागत



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

नीट परीक्षा 2026 में ऑल इंडिया 146वीं और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 6वीं रैंक प्राप्त करने वाले पिनाहट निवासी आदित्य समाधिया का सोमवार को आगमन पर फतेहाबाद में भव्य स्वागत किया गया। कस्बा फतेहाबाद के सरकारी बस स्टैंड पर एकत्र हुए लोगों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पमालाओं के साथ आदित्य का जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक सफलता की बधाई दी।

कस्बा पिनाहट निवासी सन्देश समाधिया के पुत्र आदित्य ने नीट परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही 720 में से 687 अंक हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि के पर अब उनका चयन प्रतिष्ठित संस्थान एम्स दिल्ली के लिए हुआ है। आदित्य की सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर संजय शर्मा, धर्मवीर शर्मा, अखिलेश, रामेंद्र शर्मा, पवन करसौलिया, देवकीनंदन शर्मा, अनिल शर्मा, मोनू समाधिया, मोहित शर्मा, अमन कुमार, अरुण शर्मा, नितिन, रोहित, प्रशांत शर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।

# 22 से होगा पशुओं का टीकाकरण

**आगरा।** मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. डीके पाण्डेय ने अवगत कराया है कि पशुओं में होने वाले खुरपका-मुँहपका रोग के नियन्त्रण पशुओं में टीकाकरण कार्य 22 जुलाई से होगा। यह विशेष टीकाकरण अभियान 8 सितंबर तक चलाया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद के सभी 15 विकास खण्डों में स्थित सभी पशु चिकित्सालयों के माध्यम से टीकाकरण सम्पादित किया जायेगा। इसके लिए 49 टीकाकरण टीमें गठित की गयी है। जो गाँव-गाँव और घर-घर पहुँचकर पशुओं को निःशुल्क टीका लगायेगी।

# पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

देशभर में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के विरोध में पिछले 22 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे समाजसेवी सोनम वांगचुक एवं आंदोलनरत छात्रों के समर्थन में सोमवार को आगरा में सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों और छात्रों ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती एवं परीक्षा व्यवस्था की मांग उठाई। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस दौरान समाजसेवी डॉ. हृदेश चौधरी ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक ने देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। वर्षों की मेहनत करने वाले छात्र बार-बार भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार हो रहे हैं। यह केवल परीक्षाओं का नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास और देश के भविष्य का प्रश्न है। समाजसेवी सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि जब तक पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी और दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलेगी, तब तक युवाओं के साथ न्याय संभव नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक और आंदोलनरत छात्रों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं। सरकार को तत्काल सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान चंद्रावती नरवार, प्रमोद शर्मा, लेखराज निगम, डॉ श्वेता अग्रवाल, गुलबीर सिंह पौनीया, मोहित अग्रवाल, ताजुद्दीन खान, संजय भारती, अरुण प्रताप गहलोत, अभिनीत सिंह, प्रथम दीक्षित, हर्ष कुमार सिंह, विजय आनंद, पंकज चावला, इंद्र कुमार वर्मा, आशीष कपूर, शैलेंद्र गायत्री, कृष्ण गोपाल उपाध्याय, विष्णु कुशवाहा, प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे'

## यूथ कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन और पैदल मार्च

टीएनएफ टुडे, आगरा।




अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के आह्वान पर सोमवार को पेपर लीक की घटनाओं के विरोध और केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सुभाष पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अमित सिंह ने किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए कार्यकताओं ने ह्लछात्रों का भविष्य सुरक्षित करोह्व, ह्लपेपर लीक बंद करोह्व और ह्लधर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दोह्व जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद कार्यकताओं ने धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, छात्रों के भविष्य की सुरक्षा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष बुरहान शमशी, सलमान कुरैशी, अजहर वारसी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अश्वनी जैन, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अरशल, दानिश अनवर सिद्दीकी, सत्येंद्र दुबे, मनोज जैन, नरेंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा, गीता सिंह, पारुल शर्मा, सैफ कुरेशी, शाहबाज कुरेशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 25 को सिकंदरा मंडी बंद करने की चेतावनी, लिखित आश्वासन के बिना नहीं मानेंगे व्यापारी

आगरा। सिकंदरा मंडी में अवैध आढ़तों और फड़ों के संचालन को लेकर व्यापारियों और मंडी समिति के बीच विवाद गहरा गया है। व्यापारी अब लिखित आश्वासन मिलने के बाद ही आंदोलन समाप्त करने को तैयार हैं। लाइसेंस और अवैध मंडी संचालन पर व्यापारियों और मंडी समिति में गतिरोध गहराता जा रहा है। शनिवार को अधिकारियों ने निगरानी कर अवैध को बंद कराने का भरोसा दिया था। मगर रविवार को कोई नहीं पहुंचा। इससे व्यापारियों ने लिखित आश्वासन पर ही आंदोलन खत्म करने की बात कही है।

व्यापारियों का कहना है कि यदि 24 तक बात नहीं सुलझी तो 25 को सिकंदरा मंडी बंद की जाएगी। व्यापारियों ने बसई में सज रहे अवैध आढ़त और फड़ों पर माल उतरने पर कड़ी नाराजगी जताई है। सिकंदरा मंडी के आढ़तियों के साथ उप निदेशक मंडी अनिल कुमार और मंडी सचिव अजय प्रताप सिंह ने मुलाकात की थी। व्यापारियों का कहना है कि नोटिस के बाद भी बसई में कारोबार जारी है। इससे राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। अधिकारियों ने रविवार से ही निगरानी टीम लगाने का भरोसा दिया था। साथ ही कार्रवाई के लिए 15 दिन का समय मांगा। इस पर व्यापारी राजी भी हो गए। मगर रविवार को बसई मंडी में पहले की तरह कलुआ राम (लाइसेंसी) और सुल्लड़ मंडी के चारों ओर बनी अवैध आढ़तों पर माल उतरता रहा। अवैध फड़ों पर माल भी बिका।

## भाविप अमृतम ने राहगीरों को बांटे तुलसी के पौधे

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भारत विकास परिषद, अमृतम शाखा द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत कमला नगर स्थित श्रीराम चौक पर तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सनातन संस्कृति में तुलसी के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं औषधीय महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों को 101 तुलसी के पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। शाखा अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता ह्यराम भाईह्ल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में तुलसी को अत्यंत पवित्र एवं पूजनीय स्थान प्राप्त है। तुलसी केवल आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक ऊर्जा का भी आधार है। उन्होंने सभी से अपने घरों में तुलसी का पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सिंघल ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत आयोजित ऐसे कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ प्रकृति के संरक्षण का महत्व समझाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक विकास गोयल एवं सपना गोयल थे। इस अवसर पर शाखा सचिव राजीव गोयल, कोषाध्यक्ष मयंक जैन, उपाध्यक्ष एवं महिला प्रभारी रेखा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आरएस गुप्ता, सुनील बंसल, नीरज मित्तल, राकेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, दीपक भार्गव, हिमांशु अग्रवाल, बृजमोहन रेपुरिया, राजा बाबू गोयल, ज्योति मित्तल, राज अग्रवाल, गौरव बिंदल, मधु गोयल आदि उपस्थित रहे।

## माफी नहीं मांगी तो घेरेंगे विधायक का घर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भाजपा विधायक द्वारा की गई पोस्ट को सपा नेता ने गलत बताया है। उन्होंने विधायक को दो दिन माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया है। ऐसा ना करने पर उनके घर का घेराव करने और मुकदमा पंजीकृत कराने की बात कही है। इस संबंध में सोमवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि उत्तरी विधानसभा के भाजपा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने 19 जुलाई को फेसबुक पर डिंपल यादव के इंटरव्यू का एक वीडियो अपलोड किया। इसके साथ उन्होंने लिखा...'ससुर ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं, अब बहू राममंदिर पर बुलडोजर चलवाने की बात कर रही है। राम विरोधी समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश और देश की जनता करारा जवाब देगी। इसको संज्ञान में लेते हुए समाजवादी पार्टी के नितिन कोहली और उनके कार्यकताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। उन्होंने सोमवार को अपने निवास पर प्रेसवार्ता कर कहा कि भाजपा हमेशा सपा को बदनाम करने और जनता के बीच उसकी छवि धूमिल करने के प्रयास करती है। विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने भी सपा को बदनाम करने का प्रयास किया। उन्होंने अपने इस कृत्य के लिए अगले दो दिन में सोशल मीडिया के माध्यम से माफी नहीं मांगी तो वह और उनके कार्यकर्ता विधायक के घर का घेराव करेंगे। उनके विरुद्ध थाने में मुकदमा भी पंजीकृत कराएंगे। प्रेसवार्ता में राजीव पोद्दार, राहुल शाक्य, अंकित कक्ड़, मुकेश केवट आदि मौजूद रहे।

## मुस्लिम महापंचायत का प्रदर्शन

**आगरा।** जौहर यूनिवर्सिटी की कथित 38 इमारतों को तोड़े जाने की तैयारी के विरोध में सोमवार को आगरा कलेक्ट्रेट परिसर में उत्तर प्रदेश मुस्लिम महापंचायत के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई पर पुनर्विचार की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने ह्लहमें बुलडोजर नहीं, कलम और कॉपी चाहिएह्व जैसे नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जौहर यूनिवर्सिटी को ध्वस्त करने के बजाय सरकार अपने अधीन लेकर कोई मध्य मार्ग निकाले। ताकि शिक्षा व्यवस्था भी बनी रहे और विवाद का समाधान भी हो सके। मुस्लिम महापंचायत के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा। प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश मुस्लिम महापंचायत के नदीम नूर ने भी अपनी बात के साथ संगठन का पक्ष रखा।

## पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ रोपे पौधे





टीएनएफ टुडे, आगरा।

- सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया पौधारोपण
- एक व्यक्ति, एक पौधा का संकल्प लिया

सरस्वती शिशु मंदिर, कमला नगर में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम हेतु विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा बनाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में मां प्रकृति के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुनील कुमार चाहर, अजय भारद्वाज, सचिन एवं शालिनी उपस्थित रहीं।

सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर बच्चों को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र, शिक्षक एवं अभिभावकों ने ₹एक व्यक्ति, एक पौधा₹ का संकल्प लिया और पौधों की पूरी देखभाल करने का प्रण किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ₹पेड़ ही जीवन हैं।

यदि हम आज पौधे लगाएंगे तभी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन मिल सकेगा।₹ कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मुकेश कटारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## युवती से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, आगरा।

थाना इरादतनगर क्षेत्र के एक गांव में करीब एक माह पहले एक युवती के साथ कथित तौर पर जबरन दुष्कर्म किया गया। आरोप है कि गांव के ही युवक छोटा ने युवती को विश्वास में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जबकि उसका साथी विशाल पूरी घटना का वीडियो बनाता रहा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई। डीसीपी सिटी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पुलिस के संज्ञान में आने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई। थाना इरादतनगर में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियों छोटा और विशाल को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## मुकदमा न हुआ तो लोधी समाज करेगा आंदोलन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विगत 8 जुलाई को सुभाष बाजार महावीर नाला में नगर निगम एव दुकानदार की लापरवाही से गंगा देवी लोधी की मृत्यु ही गई थी। उनका शव छह दिन बाद मिला था। उक्त प्रकरण को लेकर अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा का प्रतिनिधि मंडल आगरा कमिश्नर दीपक कुमार से मिलकर उनसे घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा लिख उचित कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया।

युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही के कारण सुभाष बाजार महावीर नाले पर कई दुकानदारों में अवैध रूप दो मंजिला दुकान बना ली। जो जर्जर हालत में है। इनकी लापरवाही के कारण लोधी समाज की महिला गंगा देवी की जान चली गई। जिसको लेकर लोधी समाज में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार लोगों पर जल्द मुकदमा ना हुआ तो लोधी समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। राकेश लोधी एड. ने कहा की आज भी कई दुकानें नाले के ऊपर बनी हुई है। कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। उन्होंने सभी जर्जर दुकानों के हटाने की माँग की। प्रमुख रूप से रा०कोषाध्यक्ष राकेश लोधी, मोहन सिंह पार्षद, चन्द्रभान प्रधान, खरग सिंह प्रधान, टुंडा राम, दरयाब सिंह, हरिओम लोधी, मिथुन लोधी आदि मौजूद रहे।

## सेंट एंड्रूज स्कूल में छात्र संसद गठित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सेंट एंड्रूज स्कूल, बरौली अहीर के सभागार में विद्यालय की नवीन छात्र संसद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी नीलू धाकरे (अध्यक्ष इनरव्हील क्लब उप्र एवं उत्तराखंड ) एवं उत्कर्ष धाकरे के साथ विद्यालय के सीएमडी डॉ. गिरधर शर्मा, एमडी सीए अपूर्वा शर्मा, अरुणा शर्मा, दिव्या शर्मा, प्रधानाचार्या साहिबा खान, उप-प्रधानाचार्या रीटा रॉय तथा बीडी दुबे ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की हेड गर्ल ने मुख्य अतिथि का बैज लगाकर स्वागत किया। जबकि अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत छात्र शौर्य प्रताप ने बैज एवं हरित पौधे भेंट कर किया। एमडी सीए अपूर्वा शर्मा ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि नीलू धाकरे ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, उन्हें दृढ़ संकल्प एवं निरंतर परिश्रम के बल पर साकार करने का संदेश दिया। विद्यालय की नवगठित छात्र संसद में प्रमुख पद पाने वाले विद्यार्थीः हेड बॉय प्रवीन तोमर, हेड गर्ल साक्षी यादव, कल्चरल इंचार्ज उदित कुमार एवं ओमिका, स्पोर्ट्स कैप्टन कृष्णा शर्मा, रेड हाउस इंचार्ज कनिष्का शर्मा, ग्रीन हाउस इंचार्ज काकुल प्रकाश, ब्लू हाउस इंचार्ज तमन्ना जादौन, येलो हाउस इंचार्ज वंशिका यादव, डिसिप्लिन इंचार्ज युवराज पचौरी सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की गरिमा बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ग्रहण की।

डॉ. गिरधर शर्मा ने छात्र संसद के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि एक कुशल नेतृत्वकर्ता के व्यक्तित्व में आत्मविश्वास, अनुशासन, सेवा-भाव और कुछ कर गुजरने का साहस होना चाहिए। यही गुण विद्यार्थियों को भविष्य का सफल नागरिक एवं राष्ट्र को श्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता प्रदान करते हैं।

## बल्केश्वर में सावन मेला 10 अगस्त को

### श्री बल्केश्वर महादेव मेला समिति ने पोस्टर किया जारी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्री बल्केश्वर महादेव मेला समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी सावन के द्वितीय सोमवार 10 अगस्त को बल्केश्वर क्षेत्र में विशाल महादेव मेले का भव्य और सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। 9 अगस्त, रविवार शाम बल्केश्वर चौराहे पर धार्मिक रीति रिवाज के साथ मेले का श्रद्धा पूर्वक उद्घाटन किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रदान करते हुए सोमवार को वाटर वर्क्स स्थित अतिथिवन में श्री बल्केश्वर महादेव मेला समिति के पदाधिकारियों द्वारा जन जागरूकता की दृष्टि सेमहादेव मेले का आकर्षक पोस्टर जारी किया गया।

मुख्य संरक्षक पूर्व पार्षद डॉ. कुंदनिका शर्मा एवं ताराचंद मित्तल 'तोती भाई ने संयुक्त रूप से बताया कि यह मेला आगरा की धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। जिसमें लाखों भक्त एवं परिक्रमार्थी काँवड़िए सम्मिलित होकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चन करते हैं। भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समिति द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं।

मेला संयोजक समाजसेवी पार्षद मुरारीलाल गोयल पेंट वाले, पार्षद हरिओम गोयल बाबा, पार्षद पूजा बंसल और भाजपा ब्रज क्षेत्र संयोजक (आर्थिक प्रकोष्ठ) गिर्राज बंसल ने संयुक्त रूप से बताया कि भक्तों के लिए बल्केश्वर महादेव मंदिर से लेकर वाटरवर्क्स चौराहा तक खोया-पाया केंद्र स्थापित किया जाएगा। प्राथमिक चिकित्सा केंद्र बनाया जाएगा, जहाँ सरकारी चिकित्सक एवं सभी आवश्यक दवाइयाँ 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।

अध्यक्ष महेश निषाद और कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वाल्मीकि ने बताया कि पूरे परिक्रमा मार्ग पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। 9 अगस्त, रविवार शाम से 10 अगस्त, सोमवार को भक्तों की परिक्रमा समाप्त होने तक भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महिला अध्यक्ष ममता सिंघल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव और निखिल गोयल ने बताया कि मेले की सुरक्षा के लिए 100 से 150 स्वयंसेवक तैनात किए जाएंगे। जो पुलिस प्रशासन के सहायक के रूप में कार्य करेंगे और पूरे मार्ग पर व्यवस्था संभालेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदर डाबर, मंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. महेश फौजदार ने बताया कि यमुना तट पर जलस्तर बढ़ने की स्थिति को देखते हुए बैरिकेटिंग कराई जाएगी। संरक्षक मनमोहन चावला, मुन्नू चौबे और सुरेश बरेजा ने बताया कि भक्तों के लिए बायो टॉयलेट, महिला पुलिस, अग्निशमन और गोताखोरों की भी व्यवस्था रहेगी। अनुरंजन सिंघल, द्वारिका नाथ गुंबर ने बताया कि शीघ्र ही प्रशासन से मिलकर परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई, पैच वर्क, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, बायो टॉयलेट, अग्निशमन, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं सुचारू रखने के लिए समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुलाकात की जाएगी। इस दौरान पंडित विष्णु शर्मा, बंगाली मल अग्रवाल, पोला भाई, वीके मित्तल, ब्रह्मा गुप्ता,राकेश त्यागी, प्रवीण गोयल, राम मोहन शर्मा, संतोष गुप्ता, स्पर्श जैन, गुरदयाल बेदी, अंशुल अग्रवाल, करतार सिंह शास्त्री, उमेश अरोड़ा, ब्रजेश वर्मा, कृष्णकुमार गुड्डू भाई, विश्वनाथ भारद्वाज, राजन शुक्ला, दीपक डावर, मयंक खंडेलवाल, चांदनी बंसल, श्वेता शर्मा, पूजा गुप्ता, राखी गुप्ता, संध्या पाराशर, मेघा कौशिक, अवध गोयल, सचिन मित्तल और आशीष गुप्ता भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संरक्षक रमन अग्रवाल ने संचालन किया।

## ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरकर कॉपर औपर तेल चोरी

**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव रुदिवारी में बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरकर तेल, कॉपर व केबिल चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मूलकरन पुत्र दौलतराम निवासी रुदिवारी मौजा गुबरौठ के नाम से विद्युत कनेक्शन लगा हुआ है। जो आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड के किनारे है। बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर को ऊपर से नीचे गिराकर उसमें से तेल कॉपर तथा पास में लगी समरसेबिल की केबिल आदि चोरी कर लिया। सुबह राजेन्द्र सिंह जब मौके पर पहुंचे तो उन्हें विद्युत ट्रांसफार्मर नीचे गिरा पाया। पास में बनी कोठरी का भी ताला टूटा था।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# संसद का मानसून सत्रः हंगामे नहीं, समाधान का संकल्प बने

भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा बल उसकी संसद है। यही वह मंच है जहां देश की आकांक्षाएं, समस्याएं और भविष्य की दिशा तय होती है। संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श, जवाबदेही और जनभावनाओं की अभिव्यक्ति का सर्वोच्च मंच है। ऐसे में 20 जुलाई से प्रारंभ हो रहा संसद का मानसून सत्र केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता की नई परीक्षा भी है। देश की जनता की अपेक्षा है कि यह सत्र शोर-शराबे, आरोप-प्रत्यारोप और गतिरोध का नहीं, बल्कि सार्थक संवाद, गंभीर बहस और ठोस निर्णयों का सत्र बने। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में संसद के दृश्य लोकतांत्रिक गरिमा की अपेक्षा राजनीतिक टकराव के प्रतीक अधिक दिखाई दिए हैं। सदन में नीति और नीयत पर चर्चा कम तथा नारे, तख्तियां, वेल में प्रदर्शन और कार्यवाही बाधित करने की प्रवृत्ति अधिक दिखाई देती रही है। संसद का प्रत्येक मिनट जनता के कर से चलता है, इसलिए उसका अनुत्पादक होना केवल संसदीय विफलता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संसाधनों का भी दुरुपयोग है। संसद का उद्देश्य सरकार को घेरना अवश्य है, लेकिन केवल हंगामा खड़ा करना नहीं; उसी प्रकार सरकार का दायित्व केवल बहुमत के बल पर निर्णय लेना नहीं, बल्कि विपक्ष की बात सुनना और संवाद के लिए वातावरण बनाना भी है।इस सत्र में संसद का समय नीति निर्माण में ही लगे, वहां कार्यवाही स्थगित न हो। जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों एवं उद्देश्यों को लेकर चुने जाते हैं, वे उन मुद्दों एवं उद्देश्यों पर खरे साबित हो। देश की जनता चाहती है कि संसद संकल्प का मंच बने, संग्राम का नहीं। सरकार विपक्ष की बात सुने, विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाए, लेकिन दोनों का अंतिम लक्ष्य राष्ट्रहित और जनकल्याण ही रहे। यदि इस मानसून सत्र में राजनीतिक कटुता के स्थान पर नीति आधारित विमर्श, आरोपों के स्थान पर उत्तरदायित्व और गतिरोध के स्थान पर समाधान का वातावरण बनता है, तो यह केवल संसदीय सफलता नहीं होगी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का नया अध्याय भी सिद्ध होगा। संसद तब ही वास्तव में लोकतंत्र का मंदिर कहलाएगी, जब उसकी प्रत्येक आवाज देश के अंतिम व्यक्ति की आशाओं और अपेक्षाओं को अभिव्यक्ति दे सके।मानसून सत्र में यदि शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा होती है तो उसका केंद्र छात्रों का भविष्य होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक लाभ। यदि महंगाई पर बहस हो तो उसका उद्देश्य आम नागरिक को राहत देने वाली नीतियों पर विचार होना चाहिए। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति अथवा सीमा संबंधी विषय उठते हैं तो उनमें दलगत राजनीति के बजाय राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होना चाहिए। संसद की बहस तब सार्थक कही जाएगी, जब उससे नीति निर्माण की दिशा निकले और जनता को यह विश्वास हो कि उसकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार हो रहा है। लोकतंत्र में बहस और असहमति कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। किंतु जब असहमति का स्थान अवरोध ले लेता है और बहस की जगह बहिष्कार आ जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा आहत होती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि संसद को चलाना ही लोकतंत्र की वास्तविक कसौटी है। यह विचार आज पहले से अधिक प्रासंगिक है। संसद का ठप होना किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की हार है। इस समय देश अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। युवाओं को रोजगार चाहिए, किसानों को बेहतर आय की अपेक्षा है, मध्यम वर्ग महंगाई से परेशान है, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की जरूरत है तथा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच भारत को अपनी विकास गति बनाए रखनी है। ऐसे समय संसद से जनता समाधान चाहती है, संघर्ष नहीं। यदि पूरा सत्र केवल राजनीतिक टकराव में बीत गया तो सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिक का होगा, जिसकी आवाज संसद तक पहुंचनी चाहिए। संसद की गरिमा केवल अध्यक्ष की कुर्सी या ऐतिहासिक भवन से नहीं बनती, बल्कि वहां बैठने वाले जनप्रतिनिधियों के आचरण से बनती है। सांसदों को यह स्मरण रखना चाहिए कि वे केवल अपने दल के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि देश की जनता के प्रतिनिधि हैं। संसद में उनका प्रत्येक शब्द और भ्प्रत्येक व्यवहार लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा बनता है। इसलिए व्यक्तिगत आरोपों और कटुता के स्थान पर तथ्यों, तर्कों और नीति आधारित विमर्श को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। किसी भी आदर्श एवं मजबूत लोकतंत्र की अपेक्षा है विपक्ष का समक्ष एवं सकारात्मक सक्रिय होना। क्योंकि विपक्ष लोकतंत्र की आंख है। लेकिन जब यह आंख केवल अंधविरोध में अंधी हो जाए, तो लोकतंत्र की दृष्टि धुंधली हो जाती है। जनता का दबाव ही विपक्ष को सद्बुद्धि दे सकता है। जब जनता यह स्पष्ट रूप से जताए कि उसे रचनात्मक, नीति आधारित विपक्ष चाहिए न कि नारेबाज नेता, तब विपक्ष को भी सुधरना पड़ेगा। विपक्ष को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह जनता की लड़ाई लड़ रहा है या केवल सत्तालोलुपता की राजनीति कर रहा है? मीडिया को चाहिए कि वह हंगामे को महिमामंडित करने के बजाय, नीति और तर्क आधारित बहस को आगे बढ़ाए। संसद में विवाद होना लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन वही विवाद अगर दिशा विहीन हो जाए, तो वह कमजोरी बन जाता है। आज जरूरत है कि संसद की गरिमा को पुनर्स्थापित किया जाए, विपक्ष अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाए और सरकार भी अहंकार छोड़कर संवाद को अवसर दे। संसद यदि सचमुच ह्लोक का मंदिरह्व है, तो वहाँ केवल सत्ता की पूजा नहीं, लोकमंगल की बात होनी चाहिए, यही मानसून सत्र से बड़ी अपेक्षा है।

# विश्व शांति की नई चुनौती

> "इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। यदि अंत में संवाद ही करना है, तो शुरुआत भी संवाद से ही क्यों नहीं हो सकती? यही प्रश्न आज पूरी मानवता के सामने खड़ा है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा का मार्ग दिखाया है।



अमेरिका और ईरान के बीच लंबे तनाव के बाद बड़ी कठिनाई से बना संघर्ष विराम अपनी निर्धारित अवधि पूरी करने से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए गए ताजा हमलों और उसके जवाब में अमेरिका की भीषण बमबारी ने एक बार फिर पूरी दुनिया को युद्ध की आशंकाओं के बीच खड़ा कर दिया है। यह केवल दो देशों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानवीय मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती है। जिस समय विश्व को महामारी, आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी समस्याओं से मिलकर लड़ना चाहिए, उस समय महाशक्तियों का युद्धोन्माद पूरी मानवता को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उत्पन्न विवाद ने इस संघर्ष को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो केवल तेल की कीमतें ही नहीं बढ़ेंगी, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक दुष्प्रभाव पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, आपूर्ति शृंखलाएं टूटेंगी और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था सबसे अधिक प्रभावित होगी। युद्ध की आग कभी सीमाओं में नहीं रहती, उसकी तपिश अंततः पूरी दुनिया को झुलसाती है।

दूसरी ओर ईरान को भी यह समझना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों को अपने रणनीतिक हितों के लिए बंधक बनाना न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और न ही वैश्विक विश्वास के अनुकूल। किसी भी देश की सुरक्षा तब तक स्थायी नहीं हो सकती जब तक वह पड़ोसी देशों और विश्व समुदाय के साथ सहयोग, विश्वास और पारदर्शिता का वातावरण निर्मित न करे। भय और प्रतिशोध पर आधारित सुरक्षा व्यवस्था अंततः स्वयं को ही असुरक्षित बना देती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ने इस पूरे संकट को और अधिक अनिश्चित बनाया है। एक ओर वे कठोर सैन्य कार्रवाई करते हैं, दूसरी ओर वार्ता और समझौते की बातें करते हैं। इस प्रकार के विरोधाभासी संदेश न केवल कूटनीतिक विश्वास को कमजोर करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अस्थिरता पैदा करते हैं। महाशक्तियों के नेताओं के प्रत्येक वक्तव्य का प्रभाव केवल उनके देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था, निवेश, ऊर्जा बाजार और करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए नेतृत्व में धैर्य, स्थिरता और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है।

इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। यदि अंत में संवाद ही करना है, तो शुरूआत भी संवाद से ही क्यों नहीं हो सकती? यही प्रश्न आज पूरी मानवता के सामने खड़ा है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा का मार्ग दिखाया है। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर और महात्मा गांधी की भूमि ने यह सिखाया कि वास्तविक विजय शत्रु को पराजित करने में नहीं, बल्कि शत्रुता को समाप्त करने में है। भारत की विदेश नीति भी 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'विश्वबंधुत्व' के आदर्शों पर आधारित रही है। भारत ने हमेशा संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। यही कारण है कि भारत आज विश्वसनीय मध्यस्थ, संतुलित शक्ति और जिम्मेदार वैश्विक भागीदार के रूप में सम्मान प्राप्त कर रहा है।

वर्तमान संकट में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। भारत के अमेरिका, ईरान और खाड़ी देशों के साथ संतुलित संबंध हैं। भारत यदि संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से सक्रिय शांति पहल करे, तो तनाव कम करने में उसकी भूमिका प्रभावी सिद्ध हो सकती है। साथ ही भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार और विदेशों में कार्यरत भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी दूरदर्शी रणनीति अपनानी होगी। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष की विजय की नहीं, बल्कि मानवता की विजय की है।

थियारों की होड़ से न तो समृद्धि आती है और न ही सम्मान। वास्तविक शक्ति मिसाइलों, बमों और युद्धपोतों में नहीं, बल्कि विश्वास, सहयोग और संवाद में निहित होती है। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, वह केवल नई समस्याओं को जन्म देता है। अहिंसा कायरता नहीं, बल्कि आत्मबल, धैर्य और दूरदर्शिता का सर्वोच्च स्वरूप है।

विश्व समुदाय को अब यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि किसी भी देश की मनमानी, सामरिक अहंकार और युद्धोन्माद को स्वीकार नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक संस्थाओं को अधिक प्रभावी, निष्पक्ष और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। यदि आज भी दुनिया ने युद्ध की राजनीति पर अंकुश नहीं लगाया, तो भविष्य की पीढ़ियां हमें क्षमा नहीं करेंगी। आज पूरी दुनिया की प्रार्थना यही है कि अमेरिका को शक्ति के साथ सद्बुद्धि मिले, ईरान को संयम और विवेक का मार्ग मिले तथा दोनों राष्ट्र हथियारों की भाषा छोड़कर संवाद की संस्कृति अपनाएं। शांति ही विकास का आधार है, संवाद ही स्थायी समाधान का मार्ग है और अहिंसा ही मानव सभ्यता का सबसे बड़ा अस्त्र है। यही समय की पुकार है, यही मानवता की अपेक्षा है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता भी।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**

## बिना मरीज के डॉक्टर!

# शोध के कुलीः नाम के आगे 'डॉ.' लगाने की दौड़ या ज्ञान की तलाश?

आजकल भारत में पीएचडी की बड़ी धूम है। हर साल करीब 30 से 35 हजार लोग डॉक्टरेट की डिग्री हासिल कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों में शोधार्थियों (रिसर्च स्कॉलरों) की संख्या साढ़े तीन लाख के आसपास पहुँच चुकी है। कागज पर यह तस्वीर बहुत शानदार दिखती है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी सुनाती है। पीएचडी का मकसद नए विचार पैदा करना, देश की समस्याओं का हल ढूँढ़ना और समाज को आगे बढ़ाना था। अफसोस, कई जगह यह डिग्री सिर्फ. नाम के आगे "डॉ." लगाने का जरिया बनकर रह गई है। ज्ञान की जगह दिखावा, गुणवत्ता की जगह संख्या और मौलिक सोच की जगह औपचारिकता ने ले ली है। आज कई शोधार्थी खुद को शोधकर्ता नहीं, बल्कि "रिसर्च कुली" महसूस करते हैं। वे वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन सम्मान, मार्गदर्शन और सुरक्षा के बजाय उन्हें दबाव, अनिश्चितता और शोषण का सामना करना पड़ता है।

सबसे बड़ी बीमारी है "छापो या मिट जाओ" की संस्कृति। विश्वविद्यालयों और शिक्षकों के मूल्यांकन में शोध-पत्रों की संख्या को बहुत अहमियत दी जाती है। नतीजा यह हुआ कि अच्छी रिसर्च करने के बजाय ज्यादा से ज्यादा शोध-पत्र छापने की होड़ मच गई।

इस होड़ ने एक पूरा कारोबार खड़ा कर दिया है। पैसे देकर शोध-पत्र लिखवाना, नकली या घटिया पत्रिकाओं में उन्हें छपवाना और एक ही शोध को कई हिस्सों में बाँटकर अलग-अलग प्रकाशित करना आम बात बन गई है। ऐसे कई शोध-पत्र बाद में वापस भी लेने पड़े। इससे भारतीय शोध की साख पर सवाल उठे हैं।

दुख की बात यह है कि इन शोधों का बड़ा हिस्सा न उद्योग के काम आता है, न किसानों के, न अस्पतालों के और न समाज के। वे सिर्फ.विश्वविद्यालय की अलमारी या ऑनलाइन भंडार में धूल खाते रहते हैं।

एक और बड़ी समस्या है शोध-निर्देशक और शोधार्थी के बीच असमान ताकत का रिश्ता। कई जगह मार्गदर्शक (गाइड) छात्रों पर इतना नियंत्रण रखते हैं कि उनका भविष्य पूरी तरह उन्हीं के हाथ में होता है।

कई संस्थानों से शिकायतें सामने आई हैं कि शोधार्थियों से निजी काम कराए जाते हैं। किसी से गाड़ी चलवाई जाती है, किसी से घरेलू काम करवाए जाते हैं। कई बार सेक्सुअल हरासमेंट की खबरें भी आई हैं। कहीं थीसिस पास कराने के बदले महंगे तोहफों या नकद की माँग तक के आरोप लगे। जो छात्र विरोध करे, उसकी थीसिस महीनों या वर्षों तक अटक सकती है। यह रिश्ता गुरु-शिष्य का कम और मालिक-मजदूर का ज्यादा लगता है।

देश के बड़े और प्रतिष्ठित संस्थान भी इस बीमारी से पूरी तरह अछूते नहीं हैं। लंबे कार्य घंटे, सप्ताह में सत्तर-अस्सी घंटे लैब में रहने का दबाव और लगातार प्रदर्शन साबित करने की मजबूरी ने अनेक शोधार्थियों को मानसिक तनाव की तरफ धकेला है। पीएचडी का सफर वैसे ही आसान नहीं होता। कम छात्रवृत्ति, भविष्य की अनिश्चितता, अकेलापन और लगातार दबाव कई छात्रों को चिंता और अवसाद की ओर ले जाता है। बहुत-से विश्वविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य की समुचित सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

डिग्री पूरी होने के बाद भी तस्वीर बहुत उत्साहजनक नहीं है। हर साल हजारों नए पीएचडी धारक नौकरी की तलाश में निकलते हैं। लेकिन विश्वविद्यालयों में स्थायी पद सीमित हैं और उद्योग जगत अभी भी शोधकताओं का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहा है। नतीजा यह होता है कि अनेक पीएचडी धारक अतिथि शिक्षक, अस्थायी व्याख्याता या अपनी योग्यता से बिल्कुल अलग काम करने को मजबूर हो जाते हैं। वर्षों की मेहनत के बाद भी उन्हें वह सम्मान और अवसर नहीं मिलता जिसकी उन्होंने उम्मीद की थी।

भारत में पेटेंट की संख्या बढ़ी है, लेकिन उनमें से बहुत कम तकनीक बाजार तक पहुँच पाती है। कुछ आईआईटी, आईआईएससी और चुनिंदा संस्थानों को छोड़ दें, तो अधिकांश विश्वविद्यालयों का शोध प्रयोगशाला से बाहर निकल ही नहीं पाता। उसका लाभ न उद्योग को मिलता है और न आम नागरिक को।

यही वजह है कि डिग्रियाँ बढ़ रही हैं, लेकिन नवाचार (इनोवेशन) उसी रफ़्तार से नहीं बढ़ रहा। शोध का उद्देश्य समस्या का समाधान होना चाहिए, केवल शोध-पत्रों की गिनती नहीं। सरकार ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ), उद्योग से जुड़े पीएचडी कार्यक्रम और बेहतर वित्तीय सहायता जैसी कई पहल शुरू की हैं। ये अच्छी शुरूआत हैं, लेकिन पूरे तंत्र को बदलने के लिए अभी लंबा सफर तय करना बाकी है।

जरूरत इस बात की है कि शोध-निर्देशकों की जवाबदेही तय हो, छात्रों को सम्मानजनक माहौल मिले, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाए और विश्वविद्यालयों तथा उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी बने। सबसे जरूरी यह है कि शोध का लक्ष्य देश की असली समस्याओं का हल निकालना हो। भारत को केवल आँकड़ों में सबसे ज्यादा पीएचडी नहीं चाहिए। देश को ऐसे शोध चाहिए जो खेतों की पैदावार बढ़ाएँ, अस्पतालों को बेहतर बनाएँ, कारखानों को नई तकनीक दें, रोजगार पैदा करें और लोगों का जीवन आसान बनाएँ। जब तक पीएचडी केवल प्रतिष्ठा (शोहरत) का तमगा बनी रहेगी, तब तक शोधार्थी ज्ञान के निमार्ता नहीं, बल्कि व्यवस्था के "शोध के कुली" बने रहेंगे। डिग्री की असली कीमत उसके कागज में नहीं, बल्कि उससे पैदा होने वाले बदलाव में होती है। वही बदलाव भारत की सबसे बड़ी जरूरत है।

**-बृज खंडेलवाल द्वारा**

## सितारों की चालः आपका भविष्यफल

**दिनांक 22 जुलाई 2026 बुधवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शनः आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह तुला धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। बुधवार का दिन साक्षात बुद्धि के प्रदाता विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन गणेश जी को दूर्वा दल अर्पित करना तथा गणपति अथर्वशीर्ष का वाचन करना जीवन में असीम बौद्धिक क्षमता आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान गणेश जी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। गणेश चालीसा का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। गणपति जी के सम्मुख घी का दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। रिद्धि सिद्धि के दाता को मोदक अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। बेसहारा लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में हरी मूंग की दाल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। गणेश मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। विघ्नहर्ता गणेश जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। पक्षियों को अन्न खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

बुधवार के दिन घर के मुख्य हॉल में उत्तर या उत्तर पूर्व की दिशा में हरे भरे पौधों का कोई सुंदर गमला या धन को आकर्षित करने वाला यंत्र स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात गणपति जी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# शैक्षिक भ्रमण पर आए प्रशिक्षु आईएएस

## गीता शोध संस्थान में समन्वयक ने दी कार्यकलापों की दी जानकारी



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

वर्ष 2025 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों का दल शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत 20 जुलाई को गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन पहुँचा। संस्थान के सभागार में आयोजित परिचयात्मक सत्र में उन्हें ब्रज की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पर्यटन कार्यकलाप व गतिविधियों से परिचित कराया गया।

गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की पहल पर वर्तमान में स्वच्छ अभियान व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ब्रज के तीर्थस्थलों,

■ के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक स्वरूप को लेकर हुए गदगद

परिक्रमा मार्गों, घाटों तथा सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रविवार को वृंदावन की लगभग 11 किलोमीटर लंबी परिक्रमा पर एक साथ विशेष स्वच्छता का महाअभियान चलाया गया। परिषद द्वारा श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े पौराणिक स्थलों, यमुना के प्राचीन घाटों एवं ऐतिहासिक कुंडों के संरक्षण, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक पर्यटन अवसंरचना और टूरिस्ट फैसिलिटेशन से जुड़े अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। पांचजन्य प्रेक्षागृह, श्रीस्वामी हरिदास प्रेक्षागृह, आधा दर्जन मुक्ताकाशीय मंच भी बनवाए गए हैं। इस अवसर पर गीता शोध संस्थान की ओर से प्रोफेसर दिनेश खन्ना, डा. उमेश चंद्र शर्मा तहसील सदर के अधिकारी आदि मौजूद थे।

आईएएस प्रशिक्षुओं को अवगत कराया कि गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में रासलीला का प्रशिक्षण एवं मंचन, श्रीमद्भगवद्गीता के प्रेरक कार्यक्रमों के साथ-साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक आयोजन नियमित रूप से होते हैं।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने ब्रज की सांस्कृतिक विरासत, तीर्थ विकास, स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए इसे प्रशासनिक प्रशिक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी अनुभव बताया।

# सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर किया दस्त नियंत्रण पखवाड़े का शुभारंभ

## सीएचसी बलदेव से मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रचार वाहनों को दिखाई, हरी झंडी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

दस्त नियंत्रण पखवाडे का शुभारम्भ सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलदेव से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राधा वल्लभ द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर डायरिया से डर नहीं स्लोगन के साथ प्रारम्भ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि पीएसआई इण्डिया एवं कैन्व्यू संस्था के सहयोग से जिले के सभी ब्लॉकों में प्रचार वाहनों द्वारा प्रचार प्रसार कर जनता को जागरुक किया जायेगा, समस्त आशाऐं अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर व्यक्तियों को जागरुक करते हुए ओ.आर.एस. पैकिट एवं जिक की गोलियों का वितरण छः माह से पाँच साल तक के बच्चों को करेंगी। साथ ही दस्त से प्रभावित बच्चों को




निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर संदर्भित करेंगी, पच्चीस अगस्त 2026 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान जनपद में लगभग तीन लाख पचास हजार बच्चों को ओ.आर.एस. के पैकिट वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्देव डा विजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने अवगत कराया कि समस्त ए.एन.एम. एवं आषाओं का प्रशिक्षण डायरिया रोको अभियान के लिए पूर्ण करा दिया गया है आशाऐं अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर डायरिया ग्रसित बच्चों की देखभाल, शुद्ध पेयजल एवं हाथ धोने हेतु जन मानस को प्रषिक्षित करेंगी, उन्होने बताया कि

■ डायरिया से डर नहीं स्लोगन के साथ प्रारंभ किया अभियान

डायरिया के कारण असमय बच्चों की मृत्यु को रोकना एवं व्यक्तियों को डायरिया के प्रति जागरुक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है, आज समस्त मथुरा जनपद हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बल्देव से मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा डायरिया रोको अभियान का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर डा. अनुज चौधरी, मुकेश गौतम, कोमल घई, अजय कुमार, चोब सिंह, विवेक सारस्वत, अजय सोलंकी, कुलदीप सारस्वत, अनिल राठौड, यषपाल सिंह, हरेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय ए.एन.एम. एवं आशाऐं उपस्थित रहीं।

# गोवर्धन में फर्जी बैनामा कर 75 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना गोवर्धन पुलिस ने फर्जी बैनामा कर करीब 75 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुख्य आरोपी उम्मेद उर्फ उमेशचन्द तथा बिचौलिया दुर्गाप्रसाद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, उम्मेद उर्फ उमेशचन्द को उसके घर से सुबह 9:50 बजे तथा दुर्गाप्रसाद को उसकी दुकान से सुबह 10:05 बजे गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ थाना गोवर्धन में मुकदमा दर्ज है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इस मामले में वादी द्वारा 24 जून को दी गई तहरीर के आधार पर जांच शुरू हुई। आरोप है कि अभियुक्तों ने अपनी पूरी जमीन पहले ही बेच देने के बावजूद प्लॉट बेचने का झांसा देकर वादी के नाम फर्जी और कूटरचित बैनामा तैयार कराया। इन दस्तावेजों को 11 सितंबर 2025 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय मथुरा में असली बताकर पंजीकृत कराया गया। जांच में सामने आया कि ग्राम गांठौली स्थित खसरा संख्या 381 की भूमि पहले ही विभिन्न लोगों को बेची जा चुकी थी। इसके बावजूद अभियुक्तों ने वादी और उसके भाइयों के नाम पर दोबारा 276.46 वर्गमीटर भूमि का बैनामा कर दिया। इस सौदे में लगभग 75 लाख रुपये तय हुए, जिसमें से 56.20 लाख रुपये नकद और 13.80 लाख रुपये चेक के माध्यम से लिए गए।

विवेचना के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि दुर्गाप्रसाद ने पूरे सौदे में बिचौलिये की भूमिका निभाई। उसे जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी होने के बावजूद उसने फर्जी बैनामा कराने में सहयोग किया और कमीशन प्राप्त किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक शीलचन्द्र गौतम, उपनिरीक्षक महेश यादव, हेड कांस्टेबल प्रभाकर कुमार, कांस्टेबल मोहम्मद शाकिर तथा कांस्टेबल नेहा शामिल रहीं।

# हनुमान रूप में यमुना प्रदूषण के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन

**मथुरा।** वृंदावन यमुना नदी में गिरते गंदे नालों को बंद कराने के लिए समाजसेवी दीपक शर्मा ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। रविवार को उन्होंने हनुमान जी का प्रतीकात्मक रूप धारण किया और बिहार घाट स्थित मुख्य नाले के ऊपर ही दिन-रात के सात दिवसीय अनशन पर बैठ गए। दीपक शर्मा ने शासन-प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गंदे नाले मां यमुना में जहर घोल रहे हैं। पिछली बार प्रदर्शन कर उन्होंने इस सच्चाई को देश-विदेश तक पहुंचाया था, लेकिन इसके बावजूद आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 51ए का हवाला देते हुए इसे अपना नागरिक कर्तव्य बताया है। दीपक शर्मा ने ब्रजवासियों और यमुना भक्तों से आंदोलन का समर्थन करने और यमुना मुक्ति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।

# दिल्ली-मथुरा हाईवे पर बस ने बाइक सवार को रौंदा

## के नीचे जा फंसा बाइक सवार, ड्राइवर ने तत्काल लगाए ब्रेक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।

थाना जैंत क्षेत्र में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार यूपी रोडवेज की बस ने दिल्ली से मथुरा की ओर आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा और बस के नीचे जा फंसा। चालक ने समय रहते अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



घायल की पहचान आयुष गुप्ता पुत्र रवि गुप्ता निवासी डी-71, दयानंद ब्लॉक, शकरपुर, पूर्वी दिल्ली के रूप में हुई है। वह दिल्ली नंबर की बाइक से मथुरा की ओर जा रहा था। दुर्घटना में उसके जबड़े पर गंभीर चोट आई है, जबकि सीने में भी अंदरूनी चोट बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरातफरी का माहौल बन गया। राहगीरों ने यातायात नियंत्रित करते हुए घायल को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में शामिल यूपी रोडवेज की बस ताज डिपो की बताई गई है, जिसका पंजीकरण नंबर यूपी 78 केएन 2234 है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के संबंध में तहरीर मिलने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हाईवे पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इस स्थान पर यातायात सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने की मांग की है।

# द्वारकाधीश मंदिर की गोलक तोड़ कर धनराशि उड़ाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

शहर के मध्य प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में द्वार पर लगे दानपात्र (गोलक) का ताला तोड़कर युवक ने फिल्मी अंदाज में चोरी कर ली। युवक इतना नटवार लाल निकला कि रात में एक दर्शनार्थी एवं पुलिस की पेट्रोलिंग बाइक भी उसके इरादों को डिगा न सकी।

सोमवार को मंदिर के पीआरओ राकेश तिवारी ने कोतवाली में दी तहरीर के अनुसार, प्रातः मंदिर कर्मचारी ने पाया कि मंदिर के द्वार पर लगी गोलक का ताला टूटा हुआ है और उसमें दान की धनराशि गायब थे, जबकि कुछ चिल्लड़ यथावत थी। गोलक टूटने की सूचना शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई। प्रातः ही मंदिर प्रबंधन से जुड़े समस्त लोग पहुंच गए। प्रथम पहुंचे कर्मचारी के बयान पर

■ द्वार पर लगी है गोलक, पुलिस की गश्ती बाइक देखकर चोर देखने लगा मोबाइल

कोतवाली में तहरीर दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और चोर तक पहुंचने के काम में जुट गई।

दानपात्र चोरी की घटना का वीडियो फुटेज सामने आया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक शातिर चोर बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देता है। फुटेज में देखा जा सकता है कि चोर के कंधे पर एक बैग टंगा हुआ है। चोरी से पहले वह कई बार इधर-उधर नजर दौड़ाता है, मानो यह सुनिश्चित कर रहा हो कि आसपास कोई आ तो नहीं रहा। कुछ देर तक वह मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा रहता है और मोबाइल फोन चलाता हुआ भी दिखाई देता है। इसके बाद वह लोहे की छड़ से मंदिर के दानपात्र और ताले को तोड़ने की कोशिश करता है।

करीब रात दो बजे के आसपास पुलिस की एक मोटरसाइकिल गश्त करते हुए वहां से गुजरती है। उस समय चोर खुद को सामान्य दिखाने के लिए चुपचाप सीढ़ियों पर बैठ जाता है। पुलिस आगे निकल जाती है और इसके तुरंत बाद वह दोबारा सक्रिय होकर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। वीडियो में यह भी दिखाई दे रहा है कि चोर दानपात्र से निकले रुपये अपने बैग में भरता है और वहां से निकलने लगता है। इसी दौरान एक बाबा मंदिर के मुख्य द्वार के पास पहुंचते हैं। चोर अचानक संस्कारी बनने का नाटक करता है, बाबा के पैर छूता है और फिर मौके से फरार हो जाता है।

# एमवीडीए की जल्द शुरू होंगी दो गेटबंद टाउनशिप

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

प्रदेश के शहरों को सुनियोजित विकास एवं बुनियादी ढांचे के लिए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण समय समय पर अपने मेगा प्रोजेक्ट लांच करता है। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरह एवं छाता में दो मेगा टाउनशिप के प्रौजेक्ट लगभग पूरा होने के कगार पर हैं। एमवीडीए द्वारा डवलप की जा रही इन दोनों टाउनशिप में प्लाट एवं निर्मित आवास लोगों को ब्रज में बसने का सुनहरा अवसर प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री की विकास की योजना में मथुरा पहले से ही विविध इकाईयां समाहित किए हुए है। उसमें गोवर्धन का परिक्रमा मार्ग हो अथवा ब्रज चौरासी कोस, सभी में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में छाता क्षेत्र में विकसित होने वाली एमवीडीए की टाउनशिप 117.2 हेक्टेयर में गेट बंद एवं सभी मूलभूत सुविधाओं से लैस होगी।

वहीं दीनू काका की जन्मस्थली फरह क्षेत्र स्थित नगला दीनदयाल धाम में 91.5 हेक्टेयर भूमि में टाउनशिप विकसित की जा रही है। इन दोनों टाउनशिपों में किसानों से सहमति के आधार पर भूमि अधिग्रहण का काम लगभग आखिरी चरण में है। ब्रज में मथुरा वृंदावन में बढ़ते भीड़ के दबाव के चलते यह योजना लोगों को रास आ रही है। यहां किसानों को प्रचलित सर्किट रेट से चार गुना अधिक मूल्य देकर जमीन क्रय की जा रही है।

**एमवीडीए सचिव का कहना है-**

■ छाता एवं फरह में जमीन अधिग्रहण का लगभग कार्य पूरा

■ छाता में 117.2 हेक्टेयर दीनदयाल धाम मार्ग पर 91.5हेक्टेयर

एमवीडीए सचिव आशीष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मेगा प्रोजेक्ट में छाता में लगभग 101 हेक्टेयर भूमि क्रय की जा चुकी है। फरह में 61 हेक्टेयर भूमि प्राधिकरण के पास किसानों ने दी है। अवशेष भूमि का जल्द ही अधिग्रहण होगा। जल्द ही दोनों टाउनशिप में विकास कार्य शुरू कर दिया जाएगा। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखकर यह विकास किया जा रहा है। यहां रहकर लोग अपने आराध्यों के दर्शन कर सुखद यात्रा से वापस लौट सकते हैं।

# पौधारोपण एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ मनाया गया संत राजूदास महाराज का जन्मोत्सव

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जयगुरुदेव मंदिर के निकट सलेमपुर रोड स्थित केडीएस इंटरनेशनल स्कूल में हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संत राजूदास महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पौधारोपण किया गया, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ तथा महाराज के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और राष्ट्र एवं धर्म सेवा के लिए प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष इंजीनियर अशोक प्रताप सिंह ने कहा कि संत राजूदास महाराज का जीवन अध्यात्म, राष्ट्रसेवा और प्रकृति संरक्षण का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवन का आधार माना गया है। पौधारोपण



केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में आगरा मंडल प्रभारी विनोद कुमार, जिला प्रभारी धीरेन्द्र कुमार, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रेशु अग्रवाल, जिला महानगर अध्यक्ष नवीन कुमार वार्ष्णेय, जिला महामंत्री चन्द्र प्रकाश उपाध्याय, जिला महामंत्री वीरेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री एम.एल. कौशिक, जिला महामंत्री अंकित कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवनीश सिंह राजावत, जिला उपाध्यक्ष कृपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय सारस्वत, जिला उपाध्यक्ष राजू ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, जिला मंत्री गुलाब सिंह, जिला मंत्री पवन चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य दाऊदयाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य ब्रजेश कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर विशाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य विशाल ठाकुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहन डांगर, संयोजक संत सम्भाग सन्तोष, संयोजक शिक्षक सम्भाग सर्वेश शुक्ला, संयोजक व्यापारी सम्भाग जितेन्द्र सिंह, वृन्दावन नगर अध्यक्ष ठाकुर अजय सिसोदिया तथा तारसी बूथ अध्यक्ष विपिन सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में सभी ने संत राजूदास महाराज के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके बताए सेवा, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# ऑपरेशन कन्विक्शन का असर, नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मथुरा पुलिस को एक बड़ी कानूनी सफलता मिली है। थाना हाईवे क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में स्थानीय अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

थाना हाईवे पुलिस के अनुसार, वर्ष 2020 में एक नाबालिग वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म का मामला मुअसं. 62/2020 (धारा 376 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट) के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों को जुटाने में तत्परता दिखाई। सोमवार विशेष पोक्सो न्यायालय, मथुरा ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए अभियुक्त सुखदेव उर्फ सोनू निवासी नौगांव, थाना हाईवे को दोषी पाया और उसे 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 20,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले में सजा सुनिश्चित कराने में पुलिस टीम और अभियोजन पक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

एडीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु द्वारा न्यायालय में की गई प्रभावी पैरवी ने इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुँचाया। इसके साथ ही, थाना हाईवे के तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक राकेश कुमार की गुणवत्तापूर्ण विवेचना और कांस्टेबल नरेश राजपूत के सहयोग से ठोस साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जा सके, जिसके फलस्वरूप अपराधी को सजा मिली। इस चुनौतीपूर्ण मामले में सजा सुनिश्चित कराने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक (आगरा जोन), पुलिस उपमहानिरीक्षक (आगरा परिक्षेत्र) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा लगातार समीक्षा की गई और टीम को उचित दिशा-निर्देश दिए गए। मथुरा पुलिस की इस सफलता की सराहना की जा रही है, जो महिला सुरक्षा और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# मथुरा में बदला मौसम, सुबह से शाम तक बरसता रहा पानी, हुआ जलभराव

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

सोमवार को सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक रुक-रुक कर हुई बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कंकाली रोड पर करीब दो फीट तक पानी भर गया, जिससे आवागमन बाधित हुआ।

सुबह हल्की बारिश हुई, लेकिन दोपहर करीब दो बजे तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद महोली रोड, भूतेश्वर पुल, कंकाली रोड बीएसए कॉलेज रोड सहित शहर के कई हिस्सों में सड़कें जलमग्न हो गईं। जलभराव के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में काफी कठिनाई हुई। स्थानीय लोगों के साथ-साथ मथुरा पहुंचे श्रद्धालुओं को भी जलभराव के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। जलनिकासी की





समुचित व्यवस्था न होने पर स्थानीय निवासियों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया और स्थायी समाधान की मांग की। शाम तक रुक-रुक कर बारिश जारी रहने से कई इलाकों में देर तक पानी भरा रहा। मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने बस स्टैंड पुल और भूतेश्वर पुल के नीचे जलभराव की समस्या के समाधान का दावा किया है। लेकिन सोमवार की स्थिति इन दावों के विपरीत दिखी। नगर निगम के नवागत नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने जलभराव की समस्या को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि इसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की योजना बनाई गई है और आने वाले समय में मथुरा-वृंदावन को इस समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

# करहल में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका, छात्र सभा ने जताया विरोध

टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

समाजवादी छात्र सभा मैनपुरी के जिलाध्यक्ष हरीश यादव के नेतृत्व में करहल के किशनी चौराहा पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान हरीश यादव ने कहा कि उन्हें और समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं को दिल्ली के जंतर-मंतर जाने से पहले मैनपुरी रेलवे स्टेशन पर रोककर गिरफ्तार किया गया, जिससे छात्रों और युवाओं में आक्रोश है। उनका आरोप है कि प्रशासन ने छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि इसी विरोध के तहत शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगते हुए उनका पुतला फूंका गया। हरीश यादव ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में छात्रों की आवाज को दबाने या लोकतांत्रिक विरोध को रोकने का प्रयास किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।




इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हरीश यादव के साथ ऋषभ, अनुज, अनुरुद्ध, अभिषेक, विकास, विष्णु, कौशल, प्रिंस, विजेन्द्र, आकाश, ऋषि और निशांत सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जलभराव से नारकीय जीवन जीने को मजबूर करहल वासी, जैन इंटर कॉलेज के पास हुआ जल भराव

**करहल।** कस्बे के जैन इंटर कॉलेज के पास लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जमा गंदा पानी लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे, अभिभावक और राहगीर गुजरते हैं, जिन्हें गंदे पानी के बीच से होकर निकलना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण आए दिन फिसलकर गिरने की घटनाएं होती रहती हैं। वहीं, गंदगी और बदबू से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो संबंधित अधिकारियों ने इस समस्या पर ध्यान दिया और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने, सड़क की मरम्मत कराने और स्थायी समाधान किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाएंगे तथा स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# मैनपुरी में पुलिस मुठभेड़ के बाद शातिर चैन स्नेचर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



टीएनएफ टुडे, किशनी/मैनपुरी।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना किशनी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक सटीक सूचना के आधार पर डढ़ौस नहर पुल के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की, जिसके दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में शातिर चैन स्नेचर सत्येन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की, जिसके जवाब में आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। इस दौरान पुलिस टीम के आरक्षी गौरव कुमार भी चोटिल हुए हैं।

यह पूरी कार्रवाई 12 जुलाई 2026 को कुसमरा जाते समय आरती देवी नामक महिला से हुई चैन स्नेचिंग की वारदात के अनावरण के सिलसिले में की गई, जिसमें पुलिस सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों की मदद से आरोपी की तलाश कर रही थी। पकड़ा गया अभियुक्त सत्येन्द्र (उम्र करीब 34 वर्ष) पुत्र अमर सिंह हुमूल रूप से जिला औरैया का निवासी है और वर्तमान में कानपुर नगर के चकेरी क्षेत्र में रह रहा था। पूछताछ में सामने आया है कि वह एक दुस्साहसिक किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ कानपुर नगर और मैनपुरी के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, छिनैती और आर्म्स एक्ट के करीब 9 गंभीर मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध देशी तमंचा (315 बोर), दो जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल एक सैमसंग मोबाइल और रामनगर क्षेत्र से छीनी गई चैन को बेचने से मिले 35,200 रू. नगद बरामद किए हैं।

## बारिश के दौरान बिजली के पोल में उतरे करंट से गाय की मौत, गौसेवकों ने किया अंतिम संस्कार

टीएनएफ टुडे, करहल।



कस्बा करहल में शनिवार को बारिश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। करहल पुलिस चौकी के पास स्थित एक बिजली के पोल में करंट उतर आने से एक गाय उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही गौसेवक दीपू राठौर और चंदन शाक्य तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से गाय को बचाने का प्रयास किया और उपचार भी कराया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। काफी कोशिशों के बावजूद गाय को बचाया नहीं जा सका।

गाय की मौत के बाद गौसेवकों ने पूरे सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार कराया। उन्होंने बारिश के मौसम में बिजली के पोलों में करंट उतरने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए बिजली विभाग से ऐसे स्थानों की तत्काल जांच कराने और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान खुले या क्षतिग्रस्त बिजली के पोल और तार लोगों व पशुओं के लिए बड़ा खतरा बन जाते हैं। उन्होंने विभाग से मांग की कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए समय रहते मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## कबाड़ बीनने गए किशोर पर जानलेवा हमला, सुनसान स्कूल में मरणासन्न छोड़कर भागे बदमाश

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

मैनपुरी शहर में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहाँ रोजाना की तरह सुबह कबाड़ बीनने निकला 16 वर्षीय किशोर रहस्मय ढंग से लापता हो गया और बाद में लहुलूहान हालत में पाया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंडी गेट, गिहार कॉलोनी के निवासी बृजेश का पुत्र सागर दोपहर तक जब अपने घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद स्थानीय लोगों के माध्यम से सूचना मिली कि मधाऊ रोड पर स्थित एक बंद पड़े पुराने स्कूल परिसर में एक लड़का गंभीर रूप से घायल और बेसुध अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुँचे परिजनों ने जब देखा तो वह सागर था, जिसके पूरे शरीर पर क्रूरतापूर्वक की गई मारपीट के गहरे



जख्म थे।

परिजनों ने आनन-फानन में बेसुध सागर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। किशोर की हालत इतनी नाजुक है कि वह अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है, जिसके कारण हमले की वजह और हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है। परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी और सागर के शरीर पर मौजूद चोटों को देखकर आशंका जताई जा रही है कि उसे बेल्ट जैसी किसी चीज से बेरहमी से पीटा गया है। इस घटना से पीड़ित परिवार और स्थानीय इलाके में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है।

परिजनों की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने मामले की तहरीर ले ली है और घायल किशोर का मेडिकल परीक्षण कराकर अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# दो दिवसीय विशेष अभियान में 33 वारंटी व वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मैनपुरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के कुशल निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा वांछित, वारंटी और जिला बदर अभियुक्तों के विरुद्ध एक व्यापक धरपकड़ अभियान चलाया गया। 17 जुलाई से 18 जुलाई तक चले इस दो दिवसीय विशेष रात्रि अभियान के दौरान पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 33 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार किए गए इन अपराधियों में 19 वारंटी और 14 वांछित अभियुक्त शामिल हैं, जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर आगामी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

इस बड़े अभियान को जनपद के विभिन्न सर्किलों में बांटकर बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। सिटी सर्किल के अंतर्गत कोतवाली थाना से 2 वारंटी 2 वांछित, एलाऊ से 3 वारंटी 1 वांछित, और दन्नाहार से 1 वारंटी 1 वांछित अभियुक्त को दबोचा। वहीं भोगांव सर्किल में भी पुलिस का कड़ा शिकंजा देखने को मिला, जहां भोगांव थाने से 2 वारंटी 1 वांछित, बेवर से 2 वारंटी 3 वांछित, किशनी से 1 वांछित और बिछवां थाने से 1 वारंटी को गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई का यह सिलसिला कुरावली और करहल सर्किल में भी पूरी तेजी से जारी रहा। कुरावली सर्किल के तहत कुरावली थाने से 2 वारंटी 1 वांछित, घिरोर से 1 वारंटी 2 वांछित, और औंछा पुलिस ने 1 वारंटी अभियुक्त को हिरासत में लिया।

इसके अतिरिक्त करहल सर्किल के अंतर्गत करहल पुलिस ने 3 वारंटी 1 वांछित, कुर्रा पुलिस ने 1 वांछित और बरनाहल पुलिस ने 1 वारंटी अभियुक्त को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया। मैनपुरी पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वारंटियों और वांछित अपराधियों के खिलाफ यह सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे अपराधियों में खौफ और आम जनता में सुरक्षा का भाव बना रहे।

## नसीरपुर पुलिस टीम ने नकबजनी करने वाले 05 अभियुक्तों को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

12 जुलाई को भंवर सिंह पुत्र जसराम निवासी ग्राम रहल द्वारा थाना नसीरपुर में तहरीर दी गयी थी कि देर रात्रि मे अज्ञात चोर द्वारा उसके मकान की 4 इंची की ईट की दीवार को तोडकर घर में रखे बक्से व अलमारी का ताला तोडकर सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये थे। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना नसीरपुर पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया था । इधर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना नसीरपुर पर मामले में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया था । गठित टीमों द्वारा घटना का सफल अनावरण कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों का गहनता से परीक्षण किया जा रहा था ।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रपडी के जंगल मे कुछ बदमाश चोरी की योजना बना रहे है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम रपडी के जंगल मे पहुँचे और बदमाशो की घेराबन्दी करते हुए आत्मसमर्पण को कहा । तो एक बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान मे मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा मे फायर किया जिसमें एक बदमाश के पैर मे गोली लग गयी, जिससे बदमाश घायल हो गया जिसकी पहचान तेज सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम पारौली थाना फतेहाबाद जनपद आगरा के रुप में हुई ।

पुलिस पार्टी ने तत्परता दिखाते हुए अन्य चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया तथा घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर , 03 खोखा व 01 जिंदा कारतूस बरामद हुआ तथा रहल गाँव में की गई चोरी की करधनी बरामद हुई तथा दुसरे बदमाश नैमिचंद पुत्र छोटेलाल निवासी धारापुरा थाना फतेहाबाद के कब्जे से तमंचा कारतूस, चोरी की तोडिया बरामद हुई। अन्य गिरफ्तार अभियुक्तगणो सुरेशचन्द्र पुत्र सेवाराम निवासी साहिदपुर थाना फतेहाबाद आगरा, सियाराम पुत्र कैदार सिंह निवासी बिप्रावली भावनाथ की ठार थाना पिनाहट आगरा व राधेश्याम पुत्र कैदार सिंह निवासी बिप्रावली भावनाथ की ठार थाना पिनाहट आगरा से भी ग्राम रहल मे चोरी की गयी पाजेब व खडुआ बरामद हुए ।घायल अभियुक्त तेज सिंह को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु सीएचसी शिकोहाबाद में भर्ती कराया गया।

## जिला जनगणना हस्त पुस्तिका (DCHB) कार्य हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

जिला जनगणना हस्त पुस्तिका के कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)एवं जिला जनगणना अधिकारी कल्पना जायसवाल ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य है। जिला जनगणना हस्त पुस्तिका के निर्माण में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समस्त चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का समुचित अध्ययन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य को शुद्धता, गुणवत्ता एवं गंभीरता के साथ संपादित करें।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण किसी भी कार्य के सफल क्रियान्वयन की आधारशिला होता है। प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त होती है, इसलिए सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ करें।

# बरसात में पुल वाली सड़क धंसने से हुआ गड्ढा, हो सकता है बड़ा हादसा

### कुछ दिन पूर्व भी पुल को जोड़ने वाली इस सड़क में हुआ था चौड़ा गड्ढा

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

नहर पर कुछ वर्ष पूर्व बने इस नहर पुल को जोड़ने वाली सड़क की मिट्टी ढह गई, जिससे मार्ग में बड़ा गड्ढा हो गया है। जिससे लोकनिर्माण विभाग की पोल खोलकर रख दी है। कुछ दिन पूर्व हुई बरसात में हुआ छोटा गड्ढा गिट्टी आदि डालकर बंद कर दिया। लेकिन सोमवार को हुई मूसलाधार बरसात ने लगभग 5 फीट का एक गड्ढा बन गया। लोगों को हादसे से बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने मिट्टी से भरकर बोरिया रख दी है जिससे लोग गड्ढे में जाकर हादसे का शिकार न बने। सोमवार को सुबह से हो रही तेज



बरसात के कारण स्टेशन रोड पर स्वामी नगर के निकट बने भोगनीपुर ब्रांच नहर के पुल पर सड़क में अचानक से पिलर के पास मिट्टी ढह गई। जिससे पुल के पास बड़ा गड्ढा बन गया। बरसात से मिट्टी ढहकर नहर में समा गई। स्थानीय लोगों तथा सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि लोकनिर्माण विभाग के ठेकेदार ने घटिया निर्माण सामिग्री का प्रयोग इस सड़क को बनाने में किया होगा, इसी के कारण यह स्थित बन रही है । आए दिन सड़क में गड्ढा हो रहा है। अगर मजबूती से काम किया जाता तो मिट्टी धंसती नहीं। ऐसे में लोगों ने राहगीरों को हादसे से बचाने के लिए वहां पर मिट्टी से भरी बोरियां आदि लगा दी गई है । बताया जा रहा है कि बरसात के कारण गड्ढा धीरे धीरे पूरी सड़क को अपनी चपेट में ले रहा है। लोगों ने मांग की कि तत्काल ब्रिज को जोड़ने वाली सड़क के गड्ढे को भरा जाए जिससे लोगों को हादसे से बचाया जा सके। अगर गड्ढा नहीं भरा गया तो रात के समय बड़ा हादसा हो सकता है।

# जनपद में आज होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का भव्य आयोजन

### जिलाधिकारी ने दिया तैयारियों को अंतिम रूप

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी और लोक कल्याणकारी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन कल जे०एम०आर० रिजॉर्ट इनदुमई में आयोजित होगा। कार्यक्रम को गरिमामई और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और सभी अधिकारियों को



अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए।

कल कुल 337 जोड़ों का चयन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत किया गया है, जो कल एक ही मंडप के नीचे परिणय सूत्र में बनेंगे सर्व धर्म सम्भाव की मिसाल पेश करते हुए इस आयोजन में कुल 63 मुस्लिम जोड़े शामिल है, जिनका निकाह पूरे रीति रिवाज से कराया जाएगा, इसके साथ ही अन्य सभी हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और परंपरा के अनुसार संपन्न होगा।

वर्तमान में बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी निर्देश दिए हैं कि यह पूरा कार्यक्रम एक कवर्ड एरिये में आयोजित किया जाए, ताकि किसी भी लाभार्थी के परिवार, रिश्तेदार या अतिथि को मौसम की वजह से कोई असुविधा न हो।

जैसा कि विदित है कि इस योजना में प्रत्येक जोड़े पर सरकार द्वारा कुल व्यय एक लाख किया जा रहा है, ताकि गरीब कन्याओं का विवाह पुरी भव्यता से हो सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राम बदन राम, उप निदेशक कृषि सतेंद्र सिंह, समाज कल्याण अधिकारी राजमती सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि यह माननीय मुख्यमंत्री जी की अत्यंत महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजना है, जिसका सीधा उद्देश्य समाज के हर गरीब और जरूरतमंद परिवार को संबल देना है, सभी अधिकारी इसे पूरी निष्ठा के साथ संपन्न कराए।

# पवित्र श्रावण मास की कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

## जिलाधिकारी ने विभागवार जिम्मेदारियां तय कर दिए स्पष्ट निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



प्रतिवर्ष पवित्र श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण, विद्युत, स्वास्थ्य, परिवहन, आबकारी, नगर निकाय, पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा जनआस्था का महापर्व है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें तथा तत्काल प्रभाव से तैयारियां प्रारंभ कर दें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वरिष्ठ अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करें, रूट मैप तैयार करें तथा अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर स्थित सभी विद्युत पोलों पर सुरक्षा की दृष्टि से पॉलिथीन रैपिंग कराई जाए। खुले ट्रांसफार्मरों के चारों ओर मजबूत बैरिकेडिंग कर उन्हें प्लास्टिक शीट से सुरक्षित किया जाए तथा जहां भी विद्युत तार निर्धारित ऊंचाई से नीचे हैं, उन्हें तत्काल मानक ऊंचाई तक ठीक कराया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की संभावना न रहे, यात्रा के दौरान संबंधित क्षेत्र के जेई,लाइनमैन एवं अन्य स्टाफ को व्यवस्थाओं के निरंतर पर्यवेक्षण के लिए तैनात किया जाए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों के किनारे उगी झाड़ियों की सफाई

- विद्युत, सड़क, चिकित्सा, पेयजल, स्वच्छता व यातायात व्यवस्थाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश
- कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

कराई जाए तथा सभी गड्ढों को तत्काल भरवाकर मार्ग को सुगम बनाया जाए। साथ ही यात्रा मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां जनसहयोग एवं ग्रामवासियों के सहयोग से भी प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ कराई जाए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रमुख स्थानों पर मेडिकल कैंप स्थापित किए जाएं, जिनमें आवश्यक दवाएं, प्राथमिक उपचार की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहें, एंटी स्नेक सीरम भी मेडिकल कैंप में उपलब्ध रहे,साथ ही समुचित दूरी पर एंबुलेंस एवं चिकित्सकीय टीमों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को सभी विभागों को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को यात्रा मार्ग पर विशेष साफ-सफाई, मोबाइल शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने यातायात एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करते हुए आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन लागू किया जाए, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण हों तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग समन्वय स्थापित कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संगम लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, उप संभागीय परिवहन अधिकारी शिवम कुमार, एक्सईएन लोक निर्माण विभाग आदर्श वर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत सुभाष चंद्र, जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी अनूप कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीड़ित महिलाओं को मिलेगा त्वरित न्याय, रेनू गौड करेंगी समस्याओं की सुनवाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

उ०प्र० राज्य महिला आयोग की मा० सदस्य श्रीमती रेनू गौड का माह जुलाई के दिनांक 22 जुलाई 2026 दिन बुधवार को जनपद एटा में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा० सदस्य दिनांक 22 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे से तहसील सदर एटा के सभागार में जनसुनवाई करेंगी, ततपश्चात अपरान्ह 02.30 बजे जिला कारागार का निरीक्षण करेंगी।

इसके अलावा अन्य कार्यक्रम मा० सदस्य के निदेशार्नुसार होंगे जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की समस्त महिलाओं/बालिकाओं से अपील की है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान हेतु 22 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे तहसील सदर एटा में स्थिति सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा. सदस्य श्रीमती रेनू गौड के समक्ष अपनी शिकायत रखने का कष्ट करें। जिस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान किया जाएगा।

## बच्चे और आध्यात्मिक चेतना का अनूठा संगम- निरंकारी बाल समागम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

संत निरंकारी मिशन द्वारा जॉन स्तरीय बाल समागम का आयोजन इटावा के बाला जी मंडपम गैस्ट हॉउस में हुआ। यहां पर सैकड़ो बच्चों ने आध्यात्मिक चेतना द्वारा दया, करुणा,सब्र शांति, सहनशीलता जैसे दैवीय गुणों को गीत, कविता, एवं लघु नाटकीय माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसमे एटा से भी निरंकारी बच्चों ने सहभागिता ली।

निरंकारी बाल समागम में मेरठ से पधारे निरंकारी संत आशीष ने बताया कि बच्चों के जीवन में आध्यात्मिक चेतना का होना अति आवश्यक है। जिसके द्वारा वह एक अच्छे नागरिक और एक अच्छे गुरसिख बन सकें।

आज संत निरंकारी मिशन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं राज पिता रमित जी के पावन सानिध्य में बच्चों को आध्यात्मिक जागरूकता की ओर ले जाने का सफल प्रयास कर रहा है और उन्हें मानसिक रूप से भी सशक्त बना रहा है। संत निरंकारी मिशन के अंतर्गत बच्चों को शुरू से ही बाल संगतो के माध्यम से उनके अंदर व्याप्त गुणों को उजागर किया जाता है। जिससे वह होनहार बालक बन सके। और बड़े होकर युवावस्था में आने वाली हर एक मुश्किल को आध्यात्मिक चेतन द्वारा हल कर सके।

मनचासीन संत ने बताया- बच्चों के जीवन में आध्यात्मिक चेतना का महत्वपूर्ण स्थान है। जिस प्रकार से एक नन्हे से पौधे के चारों ओर सुरक्षा का घेरा बनाकर उसे सुरक्षित रखा जाता है। जिससे उस पौधे को कोई जानवर नुकसान न पहुंचा सके, समय बीतने के साथ वह पौधा जब पेड़ का रूप धारण कर लेता है तो इस पेड़ से बड़े-बड़े जानवरों को भी बांधा जा सकता है। ठीक इसी प्रकार अगर बच्चों को बालपन से ही आध्यात्मिक चेतना की देखरेख में रखा जाए तो वह बच्चा आगे चलकर एक गुरसिख के रूप में निखरकर सामने आता है और उसके जीवन पर दुनियावी माया, मानसिक कुरीतियों, बुराइयों का कोई असर नही पड़ता। आज के बच्चे कल का भविष्य है* इस बात को हमें ध्यान में रखना होगा।

बाल समागम के दौरान आगरा जोन के जोनल इंचार्ज श्री एच. के. अरोड़ा जी ने आये हुए सभी श्रद्धांलुओं का आभार व्यक्त किया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक 22 जुलाई को

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

सचिव सड़क सुरक्षा समिति अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग ने बताया है कि जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक 22 जुलाई 2026 को मध्यान्ह 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने समस्त संबंधित से कहा है कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ससमय उपस्थित हो।

## आकस्मिक निरीक्षण में तीन उर्वरक विक्रेताओं के अनुज्ञा पत्र निलंबित

**धौलपुर।** किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग की टीम द्वारा शनिवार को पंचायत समिति मनिया क्षेत्र में कृषि आदान विक्रेताओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार प्रभु दयाल शर्मा के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने मैसर्स बालाजी खाद बीज भंडार, दीनानाथ खाद बीज भंडार एवं आरजी खाद बीज भंडार का विक्रय केन्द्र एवं गोदाम का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन में दर्ज विवरण तथा मौके पर उपलब्ध यूरिया उर्वरक के भौतिक सत्यापन का मिलान किया गया।

जांच के दौरान तीनों प्रतिष्ठानों में अभिलेखों एवं वास्तविक स्टॉक के बीच भिन्नता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण संबंधी प्रावधानों के तहत गंभीर अनियमितता मानते हुए मैसर्स बालाजी खाद बीज भंडार, दीनानाथ खाद बीज भंडार एवं आर.जी. खाद बीज भंडार के उर्वरक अनुज्ञा पत्रों को आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

संयुक्त निदेशक कृषि ने बताया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उर्वरकों की कालाबाजारी, स्टॉक में अनियमितता तथा नियमों के उल्लंघन के मामलों में विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है तथा दोषी पाए जाने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण दल में कृषि अधिकारी गिरिराज माहुर, कैलाश चन्द शर्मा, सहायक कृषि अधिकारी शुभम एवं जगदीश रावत, कृषि पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार, सोनवीर तथा रघुनाथ उपस्थित रहे।

## भागीरथ सम्मान से सम्मानित हुए विवेक यादव ' रुद्राक्ष मेन '




**फिरोजाबाद।** जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वदेशी समाज सेवा समिति के संस्थापक सचिव एवं जिला पर्यावरण समिति फिरोजाबाद के सदस्य विवेक यादव ' रुद्राक्ष मेन ' को राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश , नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित मार्स ऑडिटोरियम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ भव्य कार्यक्रम में "भागीरथ सम्मान" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने, सतत विकास के लिए प्रेरित करने तथा स्वदेशी समाज सेवा समिति के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना का व्यापक अभियान संचालित करने के लिए प्रदान किया गया।

इस गरिमामय समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव तथा नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रबंध निदेशक डॉ. राजशेखर ने संयुक्त रूप से विवेक यादव ' रुद्राक्ष मेन ' को भागीरथ सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जल संरक्षण, नदी पुनर्जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

# दिनभर हुई बारिश से जन जीवन हुआ अस्त व्यस्त

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- कभी तेज तो कभी धीमी गति से बरसते रहे बादल
- निचली बस्तियों में जल भराव से बढ़ी दुश्वारियां

सोमवार की सुबह से शुरू हुई बारिश दिनभर कभी तेज तो कभी धीमी गति से होती रही, दिनभर हुई बारिश से जन जीवन अस्तव्यत रहा निचली बस्तियों में जल भराव से दुश्वारियां हुई लोगों की परेशानी का सामना करना पड़ा।

वैसे तो रविवार को भी बारिश हुई थी लेकिन सोमवार को हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ सुबह से ही काली घटा घिर आई तेज बारिश का आदेश लगने लगा। लगभट सात भे बूँदा बांदी के साथ शुरू हुई बारिश कभी तेज तो कभी धीमी गति से होती रही बारिश से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पर स्कूल जाते और छुट्टी में लौटते विद्यार्थी बरसात के पानी में भीगे भी दिनभर की हुई बारिश निचली बस्तियों में रह रहे लोगों के लिए मुशीबत का सबब बनी बस्तियों में जल भराव हो जाने से लोग परेशान हुई और घरों में कैद होकर रह गए।

गृहणियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा कई निचली बस्तियों में बरसात का पानी घरों में भी जा घुसा।

### टूटी पड़ी गलियों में रास्ता निकलना हुआ मुश्किल।

शहर में हर घर जल मिशन योजना के तहत पानी की लाइन बिछाई जा रही है। तमाम गलियों को पाइप लाइन के लिए खोदकर डाल दिया गया है और जिन गलियों में पाइप लाइन डाली जा चुकी है वहां गलियों को दुरुस्त नहीं किया गया है इसे इलाकों में लोगों का रास्ता निकलना दूभर हो गया। लोग संबंधित विभाग की कोसते नजर आए।

### इन बस्तियों में जल भराव से हुई मुसीबत।

गंगेश्वर कॉलोनी, लवकुश नगर, शास्त्री नगर, शांतिपुरी कॉलोनी, सोलह बीघा, के अलावा मुख्य शहर में भी कई इलाकों में जल भराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं सोरों गेट बाजार में आवेडकर पार्क का समीप जलभराव की स्थिति बनी, इस इलाके में यह हालत कम बरसात में भी उत्पन्न हो जाते हैं।

### पालिका के प्रबंध न काफी

ऐसा नहीं नगर की जल भराव से मुक्ति दिलाने के लिए प्रबंध न किए हो, पालिका द्वारा नालों और नालियों का चौंडीकरण भी इसी उद्येश्य से करया की नगर के लोगों को जलभराव से मुक्ति मिलेगी लेकिन पालिका के यह प्रबंध बारिश के सामने न काफी साबित हुए हैं।

### बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

सोमवार को भले ही साप्ताहिक बंदी का दिन रहता है लेकिन शहर में सत्तर फीसद बाजार खुलते हैं इसके अलावा सोमवार और फूटपती बाजार सोमवार को ही लगता है लेकिन बारिश के चलते सोमवार नहीं लगा शहर के मुख्य बाजारों में भी सन्नाटा रहा बाजार भी आम सोमवार की तुलना में कम खुले और जल्दी बंद भी हो गए।

# कावड यात्रा के दौरान सड़कों पर न पसारें अतिक्रमण

## पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने संभ्रांत नागरिकों के साथ की बैठक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- कावड यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं के लिए मांगा सहयोग

सोमवार की सदर कोतवाली में शांति समिति की बैठक हुई, पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों से व्यवस्थाओं को लेकर व्यापारियों से चर्चा की सुझाव आमंत्रित किए, साथ ही कावड यात्रा के दौरान सहयोग एवं सड़को पर अतिक्रमण न फैलाने की अपील की।

सीओ आँचल चौहान ने कहा कि सावन मास में जिले में कांवड़ यात्रा पूरे मास निकलती है कावर में जल लेकर कावड़िये शहर के मुख्य बाजार से गुजरते हैं पुलिस प्रशासन द्वारा कावड़ियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर कार्ययोजना तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को सही से क्रियान्वन हो इसके लिए व्यापारियों और आप सभी के सहयोग की जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यापारी सहयोग करें और सड़कों पर अनावश्यक अतिक्रमण न पसारें। कावड़ियों की किसी प्रकार की परेशानी न हो। व्यापारियों ने हर संभव सहयोग की बात कही एवं अपने सुझाव और पूर्व के अनुभव भी साझा किए। कोतवाली प्रभारी जगदीश चंद, सतीश गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, संजय बोहरे, डॉ विकाश गुप्ता, जितेन्दर वार्ष्णेय, विनोद गुप्ता, अम्बरीश वशिष्ठ, राजेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता अन्नू माहेश्वरी, सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कछला गंगा नदी पर लगातार रिकार्ड की जा रही जलस्तर में गिरावट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- बैराजों से सोमवार को गंगा नदी में बड़ा पानी का
- डिस्चार्ज आज बढ़ सकता है गंगा नदी में पानी स्तर

गंगा के जल स्तर ने प्रतिदान गिरावट रिकार्ड की जा रही है । जबकि सोमवार की बैराजों से गंगा नदी में पानी का डिस्चार्ज बड़ा है। जिसका प्रभाव मंगलवार को गंगा नदी पर दिखेगा और गंगा का जल स्तर बढ़ सकता है। सोमवार को गंगा नदी का गेज घटकर , 161.8सेंटी मीटर रह गया है।

बीते कई दिनों से गंगा नदी के रुख नर्म पड़ता दिख रहा हे बीते सफ्ताह कछला गंगा नदी वार्निंग लेवल से मात्र चालीस सेंटी मीटर दूरी पर वह रही थीं जिससे तट वर्तीय ग्रामों के ग्रामीणों और सिंचाई विभाग की चिंता बढ़ गई थी जिला प्रशासन भी पूरी तरह चौकन्ना था। लेकिन पिछले चार दिनों से निरंतर जल स्तर में गिरावट रिकार्ड की जा रही है जिसका कारण बैराजों से गंगा में पानी का डिस्चार्ज का घटना है। लेकिन सोमवार को बैराजों से पानी की डिस्चार्ज रविवार की सापेक्ष बड़ा है। जिसका प्रभाव गंगा नदी पर मंगलवार को दिखाई देखा। गंगा का गेज बढ़ सकता है।

गंगा के गेज में कमी आने से सिंचाई विभाग और तट वर्तीय ग्रामों के ग्रामीणों की चिंता कम हो गई है। भले ही बाढ़ की संभावना नजर नहीं आ रही है लेकिन सिंचाई विभाग हर विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए तैयारी किए बैठा है।

### बैराजों से पानी का डिस्चार्ज

हरिद्वार बैराजः 28625क्यूसेक
बिजनौर बैराजः 38825क्यूसेक
नरौरा बैराज; 17283क्यूसेक

## सट्टा की खाईबाड़ी पर पुलिस का छापा, एक गिरफ्तार

टीएनएफ ब्यूरो, **कासगंज।** जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जुआ,सट्टा सहित अन्य अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सहावर पुलिस ने जुआ खेलते हुए आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। वहीं गंजडुंडवारा पुलिस ने सट्टा की खाईवाड़ी करते एक की गिरफ्तार किया है आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थाना पुलिस ने विधिक कार्यवाही की है।

बीते दिनों हुई अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ओमप्रकाश ने सभी थाना अध्यक्षों की अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए थे एसपी के निर्देश के क्रम में थाना सहावर पुलिस गोविन्द बल्लभ शर्मन ने पुलिस बल के साथ मिली सूचना के आधार पर जुआ के अड्डे पर छापा मारा मौके से जुआ खेलते हुए रामपाल, हरिप्रसाद, श्याम, रवि कुमार, नेमसिंह को गिरफ्तार किया, आरोपितों के पास से 12130रुपये की नगदी एवं ताश के बावन पत्ते बरामद किए। इसी क्रम में गंजडुंडवारा के पुलिस ने मिली सूचना पर सट्टा की खाईवाड़ी पर छापा मारकर भूदेव निवासी सुदामपुरी को गिरफ्तार किया है आरोपित के पास से 1280रुपये की नगदी और सट्टा की पर्चियां बरामद की हैं। संबंधित थाना पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है

# जोखिम भरे पुलिया एवं रपटों पर आमजन की आवाजाही पर प्रभावी तरीके से लगाएं रोक-अतिरिक्त जिला कलक्टर

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में दिए निर्देश

**धौलपुर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने कहा कि मानसून को देखते हुए जोखिम भरे पुलिया, रपटों पर आमजन की आवाजाही पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जाएं। अतिरिक्त जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को जिले मे सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति रखने, आमजन की विद्युत संबंधी समस्याओं का समय सीमा में निस्तारण करने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सभी विभाग लक्ष्यानुसार पौधारोपण कर मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार हेतु तैयारियां किए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के संबंध मे सतर्क व सक्रिय रहकर कार्य करते हुए विभागीय कार्मिकों द्वारा व्यापक रूप से एंटी लार्वा गतिविधियां संपादित करवाएं। साथ ही नगर परिषद जल भराव क्षेत्रों में फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित एवं तर्कसंगत समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में की समीक्षा

स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह परंपरागत एवं गरिमामयी तरीके से आयोजित किया जाए। आयोजन से जुड़े अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने समारोह स्थल पर बैठक, पेयजल, टेन्ट, साउंड सिस्टम, निमंत्रण पत्र, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, परैड सहित सभी तैयारियों की पूर्व समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर वितरित की जाने वाली मिठाई का रसद विभाग द्वारा टेस्टिंग करवाकर ही वितरित किया जाए।

उन्होंने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 14 और 15 अगस्त को सभी राजकीय भवनों व प्रमुख चौराहों पर रोशनी की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिए। राष्ट्रीय पर्व तथा इसकी पूर्व संध्या पर शहर में सफाई व्यवस्था चाक चौबन्द रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह में अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी आवेदन भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समारोह के सफल संचालन के लिए कार्य करते हुए दिए गए दायित्वो का निर्वहन करें।

### सम्बंधित सूत्रों में आवटिंत लक्ष्यों के तहत उपलब्धि अर्जित करें

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सूत्रवार एवं विभागवार समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्बंधित सूत्रों में आवटिंत लक्ष्यों के तहत उपलब्धि अर्जित करें। बीस सूत्रीय, जिला, राज्य सेक्टर, केन्द्र और वाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय और भौतिक प्रगति मे लक्ष्य प्राप्त नहीं कर रहे विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस विभाग को जो लक्ष्य दिए गए है उनको पूरा करना सुनिश्चित करें।

# स्पेन ने 16 साल बाद जीता फीफा विश्वकप, अर्जेंटीना को 1-0 से हराया

## लियोनल मेसी का सपना टूटा, फेरान टोरेस के गोल ने अर्जेंटीना से छीनी ट्रॉफी

एजेंसी, कार्डिफ।

लियोनेल मेसी का लगातार दूसरा फीफा विश्व कप जीतने और विजेता के तौर पर विदाई लेने का सपना आखिरकार अधूरा रह गया। अमेरिका के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में स्पेन ने अतिरिक्त समय में फेरान टोरेस के 106वें मिनट के गोल की बदौलत अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर 16 साल बाद विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस विश्व कप का फेरान टोरेस का पहला गोल उनके जीवन का सबसे अनमोल गोल बन गया जिसने स्पेन को ट्रॉफी दी और इस खूबसूरत खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक लियोनल मेसी को आंसुओं के साथ विदाई। लियोनल मेसी का लगातार दूसरा विश्व कप जीतने का सपना आखिरी तिलिस्म पर आकर टूट गया।

पूरे टूनार्मेंट में सिर्फ एक गोल खाने वाली स्पेनिश टीम ने अपने अभेद्य रक्षण से लियोनल मेसी को भी बेअसर कर दिया और इतिहास रचते हुए विश्व कप जीतने वाली सबसे मजबूत रक्षात्मक टीमों में अपनी जगह दर्ज करा ली। फेरान टोरेस ने बॉक्स के भीतर हवा में आई गेंद पर अपने बाएं पैर से कब्जा करके शॉट लगाया और अर्जेंटीना के गोलकीपर उसे बचा नहीं सके। यह 2010 के बाद स्पेन का दूसरा विश्व खिताब है।






### स्पेन का सबसे कम गोल गंवाने का रिकॉर्ड

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में 8 मैच में सिर्फ एक गोल खाने वाली स्पेन ने टूर्नामेंट में चैंपियन द्वारा सबसे कम गोल गंवाने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। पूरे टूनार्मेंट में आखिरी मिनटों में चमत्कारिक वापसी करती आई अर्जेंटीना उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकी। निर्धारित समय तक गोलरहित बराबरी के बाद मैच अतिरिक्त समय में खिंचा था। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम ने भी 2023 में विश्व कप जीता था और स्पेन एक ही साथ महिला और पुरुष फुटबॉल विश्व कप जीतने वाला पहला देश बन गया। इसके साथ ही स्पेन के कोच लुईस डे ला फुऐंटे 65 वर्ष की उम्र में किसी टीम को खिताब दिलाने वाले सबसे उम्रदराज कोच बन गए।

### मैच के टॉकिंग पॉइंट्स

- स्पेन के सब्सटिट्यूट (स्थानापन्न खिलाड़ी) फेरान टोरेस ने 106वें मिनट में विनिंग गोल किया।
- 65 साल की उम्र में लुईस डे ला फुऐंटे फीफा वर्ल्ड कप जीतने वाले सबसे उम्रदराज कोच बने।
- लियोनल मेसी फाइनल में कोई खास असर नहीं डाल पाए और स्पेन के लिए शायद ही कोई खतरा पैदा किया।
- स्पेन ने अर्जेंटीना के मुकाबले 20-2 से ज्यादा शॉट लिए, लेकिन अटैक में सटीक फिनिशिंग की कमी दिखी।

### लियोनल मेसी का था आखिरी विश्व कप

39 वर्ष के मेसी पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यह उनका आखिरी विश्व कप था। मेसी के दौर में फुटबॉलप्रेमियों ने मैदान पर चमत्कार होते देखे। लियोनल मेसी ने 2022 विश्व कप, 2008 बीजिंग ओलंपिक स्वर्ण पदक, 2021 और 2024 कोपा अमेरिका खिताब के साथ 19 साल में 16 बार अर्जेंटीना के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरसकार जीता है।

### देर से जागा अर्जेंटीना

1-0 के स्कोर से भले ही लगे कि यह मैच कांटे का था, लेकिन असलियत यह है कि पूरे मैच में स्पेन का दबदबा था। अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में मानो अर्जेंटीना की टीम जागी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### 38 मैच से अपराजेय स्पेन

स्पेन अब पिछले 38 मैच से अपराजेय है। इसमें उसने 29 मैच जीते और नौ ड्रॉ खेले। यह किसी यूरोपीय टीम का अपराजेय रहने का सबसे बड़ा सिलसिला है। इससे पहले इटली ने अक्टूबर 2018 से सितंबर 2021 के बीच 37 मैचों में हार का सामना नहीं किया था।अर्जेंटीना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़ा, जब दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में उन्हें दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें स्पेन के डिफेंडर पाउ कुबारासी से खतरनाक ढंग से टकराने के कारण कार्ड मिला।

### अर्जेंटीनी गोलकीपर का शानदार प्रदर्शन

स्पेन ने गोल पर 20 शॉट लगाए, जबकि अर्जेंटीना ने पहला संजीदा प्रयास अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में दिखाया। स्पेन ने मैच की पहली दस कार्नर किक में से नौ हासिल की। अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया और विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड 12 शॉट बचाए। लियोनल मेसी ने आखिरी सीटी बजने से चार मिनट पहले कॉर्नर किक ली। गेंद रिजर्व खिलाड़ी जियुलियानो सिमोन की ओर गई। उन्होंने इसे हवा में उछाला, लेकिन वह क्रॉसबार के ऊपर से निकल गई।

### मैसी छलके आसू

फीफा विश्व कप 2026 का फाइनल लियोनेल मेसी के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा। न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में स्पेन ने अतिरिक्त समय में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। अंतिम सीटी बजते ही अर्जेंटीना के कप्तान मेसी भावुक हो गए और मैदान पर उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों ने उनका नाम लेकर उनका सम्मान किया और तख्तियां दिखाकर उन्हें श्रद्धांजलि जैसी विदाई दी।

# मनोरंजन

## जान्हवी कपूर की झोली में आ गिरी नई फिल्म, इस निर्देशक के साथ काम करेंगी अभिनेत्री

ऐसा लगता है कि जान्हवी कपूर 'पेद्दी' के विवाद से उबर गई हैं। इस मामले के लगभग एक महीने के बाद अभिनेत्री ने निर्देशक उमेश बिश्ट के साथ अपनी अगली बड़ी फिल्म साइन की है। यूजर्स का इल्जाम था कि 'पेद्दी' में जान्हवी कपूर ने कई आपत्तिजनक सीन किए थे। विवाद बढ़ने पर निमार्ताओं ने फिल्म में बदलाव किए थे।

**जान्हवी को मिली नई फिल्म**

वैरायटी इंडिया के अनुसार, जान्हवी कपूर का नया प्रोजेक्ट का अभी तक कोई शीर्षक नहीं है। इसे एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट का समर्थन मिला है। कलाकार और क्रू इस साल अक्तूबर-नवंबर के आसपास शूटिंग शुरू करेंगे। कहानी, शैली और कलाकारों के संबंध में अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं है।

**'पगलैट 2' पर काम कर रहे उमेश बिश्ट**

दूसरी ओर, उमेश बिस्ट 'पगलैट 2' के निर्देशन में भी व्यस्त हैं। राह 2021 नेटफ्लिक्स फिल्म की अगली कड़ी है। उम्मीद है कि सान्या मल्होत्रा संध्या के रूप में अपनी मुख्य भूमिका निभाएंगी। दूसरा भाग कहानी को आगे बढ़ाएगा।

**जान्हवी के किरदार पर उठे सवाल**

आपको बता दें कि 'पेद्दी' में जान्हवी कपूर की भूमिका ने सिनेमा में महिलाओं के वस्तुकरण पर एक बहस छेड़ दी थी। कई दर्शकों ने फिल्म के कैमरा एंगल, क्लोज-अप शॉट्स और रोमांटिक दृश्यों की आलोचना की थी। लोगों का कहना था कि मेकर्स ने अभिनेत्री के चरित्र को एक सार्थक भूमिका देने के बजाय उसे एक दृश्य वस्तु में बदल दिया। जबकि कुछ ने जान्हवी को दोषी ठहराया।

**निर्देशक ने मांगी माफी**


प्रतिक्रिया के बाद, निर्देशक बुची बाबू सना ने माफी मांगी और फिल्म से विवादास्पद दृश्य हटा दिए। इस मुद्दे पर जया बच्चन, करीना कपूर खान, निथ्या मेनन, जगपति बाबू और डिंपल हयाथी सहित मशहूर हस्तियों की प्रतिक्रियाएं भी आईं। कई ने महिला पात्रों को बेहतर ढंग से लिखने और सिनेमा में महिलाओं को चित्रित करने के तरीके में बदलाव की मांग की।



## 'इश्कनामा' के 'नरक' को शहनाज ने दी अपनी आवाज

इश्कनामा की रिलीज से पहले शहनाज गिल ने फैंस को एक खूबसूरत सरप्राइज दिया है। फिल्म के सबसे पसंद किए जा रहे गानों में से एक ह्यनरकह्व को शहनाज ने अपनी आवाज और अपने अंदाज में पेश किया है। ओरिजिनल गाने को बी प्राक और ज्योतिका टांगरी ने अपनी आवाज दी है, वहीं अब शहनाज का स्पेशल कवर वर्जन इस गाने में इमोशन्स की एक नई परत जोड़ता है। जानी के लिखे और कंपोज किए गए 'नरक' ने पहले ही सुनने वालों के दिलों को छू लिया है। यह गाना फिल्म के मुख्य किरदार नसीमा और निम्मा के बीच के दर्द, तड़प और अनकहे प्यार को बयां करता है। पर्दे पर इन किरदारों को शहनाज गिल और जय रंधावा ने निभाया है। फिल्म में नसीमा का किरदार निभाने वाली शहनाज इस कवर के जरिए गाने को एक अलग नजरिए से सामने लाती हैं। ओरिजिनल को दोहराने के बजाय उन्होंने इसे बेहद सॉफ्ट और दिल के करीब अंदाज में गाया है, जिसमें नसीमा के जज्बात साफ महसूस होते हैं।

अपने कवर वर्जन को लेकर शहनाज गिल ने कहा, '''नरक' 'इश्कनामा' के मेरे सबसे पसंदीदा गानों में से एक है, इसलिए इसका अपना वर्जन रिकॉर्ड करना मेरे लिए बेहद खास रहा। मैंने फिल्म में नसीमा का किरदार निभाया है, इसलिए इस गाने से मेरा पहले से ही एक इमोशनल कनेक्शन था। मैं ओरिजिनल को दोबारा बनाने की कोशिश नहीं कर रही थी, क्योंकि बी प्राक और ज्योतिका ने इसे पहले ही इतनी खूबसूरती और रूह के साथ गाया है। मैं बस इसे अपने अंदाज में गाना चाहती थी और उम्मीद करती हूं कि लोग मेरे इस वर्जन से भी जुड़ेंगे।'' शहनाज पिछले कई सालों में पंजाबी और हिंदी गानों के जरिए अपनी सिंगिंग का हुनर दिखा चुकी हैं। अब 'नरक' के इस कवर के साथ उन्होंने इश्कनामा से अपने जुड़ाव को और भी पर्सनल बना दिया है। फिल्म की रिलीज से पहले यह कवर दर्शकों को इसकी इमोशनल दुनिया को एक नए अंदाज में महसूस करने का मौका देता है। निम्मा और नसीमा की असाधारण सच्ची कहानी से प्रेरित इश्कनामा की कहानी 1981 से 1988 के बीच भारत-पाकिस्तान सीमा की पृष्ठभूमि पर आधारित है। शहनाज गिल, जय रंधावा और सौरभ सचदेवा स्टारर इस फिल्म का निर्देशन अरविंदर एस. खैरा ने किया है। फिल्म 24 जुलाई 2026 को भारत, कनाडा और यूके के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'नरक' के अपने कवर वर्जन के साथ शहनाज गिल ने फैंस को इश्कनामा की इमोशनल दुनिया की एक और खूबसूरत झलक दे दी है, जिसने फिल्म की रिलीज को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है।



## व्यापार और उद्योग जगत के मजबूत स्तंभ हैं मनीष अग्रवाल

### नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कामर्स के 2013 एवं 2021 दो बार रह चुके हैं अध्यक्ष

टीएनएफ टुडे, आगरा।

खाद और सीमेंट व्यवसाय से जुड़े मनीष अग्रवाल अपनी धुन के पक्के हैं। शहर, व्यापार, उद्योग की बेहतरी के लिए जो ठान लिया, पूरा करके ही दिखाया। आगरा में प्लग एंड प्ले आधारित एसटीपीआई सेंटर की स्थापना ने उन्हें व्यापार और उद्योग जगत के मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित कर दिया। वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं और ये सेवा अभी भी जारी है। अब तो उनका एक ही सपना है कि आगरा से प्रतिभा पलायन रुके और इसके लिए आगरा में ही नॉन पॉल्यूटेड इंडस्ट्रीज स्थापित हों।

**दो बार अध्यक्ष रहे नेशनल चैंबर के**

मनीष अग्रवाल न्यू मार्केट जीवनी मंडी ट्रेडर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्ष 2013 में आपको व्यापार एवं उद्योग जगत की सर्वोच्च संस्था नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स का अध्यक्ष चुना गया। संगठन और शहर के उद्यमिता क्षेत्र में आपकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें 2021में एक बार फिर नेशनल चैंबर का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। आप दूरसंचार जिला समिति,एवं वैकल्पिक ऊर्जा समिति में नामित सदस्य रह चुके हैं। 2014 में आप लायंस क्लब आगरा आकाश के अध्यक्ष बने ओर उनकी लगातार सक्रियता के कारण उन्हें इस वर्ष 2026-2027के लिए डिस्ट्रिक गवर्नर द्वारा अपना सलाहकार नियुक्त किया है।

**श्री कृष्ण लीला आयोजन समिति की बागडोर**

### बिजली व्यवस्था सुधारने को बहुत सफल रहा था लिखो पोस्टकार्ड, मांगों अधिकार अभियान

**आदर्श उद्यमी**

वर्ष 2005 में पंडित महेश चंद शर्मा जी ने तर्पण कराते समय श्री कृष्ण लीला आयोजन समिति की बागडोर मनीष अग्रवाल को सौंपी, पर उन्होंने उसे विनोद अग्रवाल जी के हाथों सौंपने का निर्णय लिया। वर्ष 2016 में उनके अचानक निधन होने के कारण वर्ष 2017 में मनीष अग्रवाल ने जिम्मेदारी संभाली और तब से अब तक संभाले हुए हैं। इस बार सर्वसम्मति से उन्हें अगले पांच वर्ष के लिए फिर अध्यक्ष चुन लिया गया।

**गजब की संगठन नेतृत्व क्षमता**

नेशनल चैंबर के अध्यक्ष निर्वाचित होने के समय शहर में बिजली व्यवस्था बहुत खराब थी। औद्योगिक फीडर काम नहीं कर रहे थे। मनीष अग्रवाल ने इसके विरुद्ध आवाज उठाई और लिखो पोस्टकार्ड ,मांगो अधिकार नाम से एक अभियान प्रारंभ किया। जिसको अति सफलता मिली। इंडस्ट्रियल फीडर काम करने लगे। आपने यमुना किनारा की सड़क की दुर्दशा की जोरदार ढंग से उठाया और उसे सही करा कर ही दम लिया। आपने ट्रेडर्स को भी चैंबर का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया ओर 100से अधिक सदस्य बनाये।

### शास्त्रीपुरम में प्लग एंड प्ले पर आधारित एसटीपीआई सेंटर की स्थापना बहुत बड़ी उपलब्धि

**एसटीपीआई सेंटर बड़ी उपलब्धि**

आगरा में ऑक्सीजन की कमी को लेकर कोविड में ऑक्सीजन एयर लिफ्ट करने की मांग की। उनकी मांग को मानते हुए ऑक्सीजन एयर लिफ्ट से आई। शास्त्रीपुरम में एक 21000 वर्ग फीट क्षेत्र में एसटीपीआई सेंटर की स्थापना भी उनकी मेहनत का परिणाम है। जो प्लग एंड प्ले पर आधारित है।


मनीष अग्रवाल

### दस साल से संभाल रहे हैं श्री कृष्ण लीला समिति की बागडोर

**ब्रज का द्वार**

मनीष अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में आगरा में चारों दिशाओं में एक-एक प्रवेश द्वार की आवाज उठाई। तत्कालीन कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी द्वारा व्यक्तिगत रुचि ली गई और होटल रमाडा के पास एक भव्य प्रवेश द्वार बन कर तैयार है। मनीष अग्रवाल ने शहीद स्मारक के सुंदरीकरण ओर लाइट एंड साउंड का मुद्दा जोर शोर से उठाया। ओर परिणाम सामने है।

**बस एक ही सपना अब बाकी।**

मनीष अग्रवाल कहते हैं कि उनका एक ही सपना है। आगरा में प्रतिभा पलायन रुके। ताकि बच्चे अपने माता-पिता के पास ही रहें। इसके लिए छोटे छोटे नॉन पॉल्यूटेड इंडस्ट्रीज खुलें। आगरा धार्मिक नगरी बने। ब्रज का द्वार घोषित हो। हेल्थ सेक्टर पर और काम हो। आगरा मथुरा क्षेत्र को एडुकेशन एवं हॉस्पिटल का हब बनाया जाए। ट्यूरिज्म को बढ़ावा मिले।

### जमींदार परिवार से है ताल्लुक

मनीष अग्रवाल मथुरा के रैपुरा जाट गांव के एक जमीदार परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनका जन्म और प्रारंभिक शिक्षा ग्वालियर में हुई। आपने सेंट जोन्स डिग्री कॉलेज से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स की डिग्री हासिल की। विवाह 1991 में हुआ। दो बेटे हैं। आप सीमेंट, खाद के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।

नोट- यदि आप भी व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े हैं और अपने पुरुषार्थ से समाज और व्यवसाय को एक नई दिशा प्रदान की है तो अपने इस अद्भुत संघर्ष और सफलता की पूरी कहानी हमें 9412359817 पर व्हाट्सअप करें।